www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

मौसम
अधिकतम तापमान 34.c
26.c न्यूनतम तापमान

बाजार
सोना 88.390g
चांदी 91.500kg

सोशल मीडिया पर भारत संवाद
https://x.com/BharatSamvad
www.facebook.com/bharatsamvad.in
www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n
E-Paper bharatsamvad.live

2 अविश्वसनीय साबित होते ट्रंप, कथनों और फैसलों में दिख रही अस्थिरता
महिला ने जेठ पर लगाया छेड़छाड़ का आरोप 04

वर्ष :08 | अंक :257 | मुंबई ,सोमवार ,10 मार्च , 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2 : 00 रुपए

संक्षिप्त समाचार

## किसान की गोली मारकर हत्या

उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले में मुर्गी फार्म में सो रहे एक किसान की कुछ अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक शनिवार रात को जिले के बिल्सी थाना क्षेत्र के जरसेनी गांव में रामपाल (32) मुर्गी फार्म में सो रहा था, तभी दो अज्ञात हमलावर देर रात करीब दो बजे फार्म में घुस आए और उसके सिर में गोली मारकर फरार हो गए। पुलिस को रामपाल की पत्नी अशलेख ने बताया कि उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। इस घटना की सूचना मिलने पर बिल्सी पुलिस और क्षेत्राधिकारी (सीओ) संजीव कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सीओ सिंह ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी गई है और मृतक की पत्नी तथा अन्य लोगों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। सीओ ने कहा, हम जल्द ही मामले का खुलासा कर देंगे। ग्रामीणों के मुताबिक जिस मुर्गी फार्म में यह घटना हुई, वहां कोई मुर्गी पालन नहीं हो रहा था। बल्कि रामपाल और उनकी पत्नी इसे घर की तरह इस्तेमाल कर रहे थे और वहां खेती भी करते थे।

## गुजरात में दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में चार लोगों की मौत

गुजरात के साबरकांठा जिले में रविवार सुबह गुजरात-राजस्थान सीमा के पास दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। खेरोज थाने के एक अधिकारी ने बताया कि यह हादसा सुबह करीब साढ़े पांच बजे जिले के पोशिना तालुका के एक आदिवासी बहुल क्षेत्र में हुआ। अधिकारी ने कहा, दो तेज रफ्तार मोटरसाइकिल आपस में टकरा गईं। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चौथे व्यक्ति ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। यह दुर्घटना गुजरात-राजस्थान सीमा पर एक गांव के पास हुई। पुलिस के अनुसार, दोनों मोटरसाइकिल विपरीत दिशाओं से आ रही थीं। हादसे में जान गंवाने वाले लोग साबरकांठा और बनासकांठा जिलों के निवासी थे। इसने कहा कि शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिए गए हैं और मामले की जांच जारी है।

# भारत ने न्यूजीलैंड को हराकर तीसरी बार जीता चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी

भारतीय टीम ने दुबई में न्यूजीलैंड को चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल में 4 विकेट से हराकर अपना तीसरा खिताब जीत लिया है.

## रोहित शर्मा ने 12 साल बाद बनाया विजेता




एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल में न्यूजीलैंड की टीम को 4 विकेट से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया है. यह टीम इंडिया का तीसरा चैंपियंस ट्रॉफी खिताब है. इससे पहले भारत ने 2002 सौरव गांगुली की कप्तानी और 2013 में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी चैंपियंस ट्रॉफी पर कब्जा किया था. अब ने 12 साल बाद रोहित शर्मा की कप्तानी में दुबई में धमाकेदार जीत के साथ इंडियन क्रिकेट टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी का अपना तीसरा टाइटल जीता है.

### भारत न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराकर बना विजेता

इस मैच में न्यूजीलैंड ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया. कीवी टीम ने 50 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 251 रन बनाए. भारतीय टीम ने 252 रनों के लक्ष्य का पीछा 49 ओवर में 6 विकेट खोकर 254 रन बनाकर हासिल कर लिया और मैच को 4 विकेट से जीत लिया.

### रोहित शर्मा ने खेली शानदार अर्धशतकीय पारी

इस मैच में भारतीय टीम के लिए पारी की शुरूआत करने के लिए कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल आए. इन दोनों ने पहले विकेट के लिए 105 रनों की शतकीय साझेदारी की और जीत की नींव रखी. रोहित शर्मा ने भारत के लिए सबसे ज्यादा 83 बॉल में 7 चौके और 3 छक्कों के साथ 76 रनों की पारी खेली. गिल ने 50 बॉल में 1 छक्के की मदद से 31 रन बनाए. विराट कोहली 1 रन बनाकर सस्ते में पवेलियन लौट गए.

### श्रेयस अय्यर ने खेली 48 रनों की मैच जिताऊ पारी

श्रेयस अय्यर 62 गेंदों में 2 चौके और 2 छक्कों के साथ 48 रनों की पारी खेली. अक्षर पटेल 40 बॉल में 1 चौके और 1 छक्के के साथ 29 रन बनाकर आउट हुए. हार्दिक पांड्या भी 18 रन बनाकर चले गए. भारत ने केएल राहुल नाबाद 34 और रविंद्र जडेजा ने नाबाद 9 रनों के साथ टीम इंडिया को 4 विकेट से जीत दिला दी और भारत को लगातार दूसरी आईसीसी ट्रॉफी जीता दी. इससे पहले भारत ने आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2024 का खिताब अपने नाम किया था।

# 'देश में कोई नदी साफ नहीं, गंगाजल क्यों पी लूं', राज ठाकरे ने की सरकार की आलोचना

मनसे के अध्यक्ष राज ठाकरे ने गंगा नदी के प्रदूषण और काम की धीमी गति के लिए सरकार की आलोचना की.

> उनकी पार्टी के नेता महाकुंभ से पवित्र जल लेकर आए थे, लेकिन उन्होंने इसे पीने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा, 'बाला नंदगांवकर मेरे लिए थोड़ा पानी लेकर आए थे, मैंने कहा, चले जाओ। मैं नहाने नहीं जा रहा हूं। वह पानी कौन पीएगा? कोविड अभी-अभी गुजरा है और लोग दो साल से चेहरे पर मास्क लगाकर घूम रहे थे। अब वे वहां जाकर स्नान कर रहे हैं। कौन जाकर उस गंगा में पवित्र डुबकी लगाएगा?'




एजेंसी

मुंबईः महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के प्रमुख राज ठाकरे ने गंगा नदी की स्वच्छता और उसके पानी की गुणवत्ता पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने साफ कहा कि वे नदी में पवित्र डुबकी नहीं लगाएंगे। ठाकरे ने यह टिप्पणी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के 19वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में की। उन्होंने लोगों से अंधविश्वास से बाहर आने और अपने दिमाग का सही इस्तेमाल करने की अपील की।ठाकरे ने कहा कि उनकी पार्टी के नेता बाला नंदगांवकर प्रयागराज में हाल ही में संपन्न महाकुंभ से पवित्र जल लेकर आए थे, लेकिन उन्होंने इसे पीने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा, 'बाला नंदगांवकर मेरे लिए थोड़ा पानी लेकर आए थे, मैंने कहा, चले जाओ। मैं नहाने नहीं जा रहा हूं। वह पानी कौन पीएगा? कोविड अभी-अभी गुजरा है और लोग दो साल से चेहरे पर मास्क लगाकर घूम रहे थे। अब वे वहां जाकर स्नान कर रहे हैं। कौन जाकर उस गंगा में पवित्र डुबकी लगाएगा?'

इशारों-इशारों में ठाकरे ने यह भी कहा कि उन्होंने लोगों के शरीर को रगड़ते और गंगा में स्नान करते हुए वीडियो देखे हैं। उन्होंने कहा कि देश की हर नदी प्रदूषित है, जबकि विदेशों में ऐसी नदियां साल भर साफ रहती हैं। मनसे प्रमुख ने कहा, 'आस्था का भी कुछ मतलब होना चाहिए। देश में एक भी नदी साफ नहीं है, लेकिन हम उसे मां कहते हैं। विदेशों में नदी को मां नहीं कहा जाता, लेकिन वह पूरी तरह साफ रहती है और हमारी सभी नदियां प्रदूषित हैं। कोई उसमें नहा रहा है या कपड़े धो रहा है।'मनसे प्रमुख ने कहा कि वह पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के समय से सुनते आ रहे हैं कि गंगा नदी साफ हो जाएगी। उन्होंने कहा, 'दुर्भाग्य से ऐसा नहीं हो रहा है।

# अमेरिका के कैलिफोर्निया में हिंदू मंदिर में तोड़फोड़

> विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने आधिकारिक बयान में कैलिफोर्निया में एक हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ के बारे में मीडिया के सवालों का जवाब दिया। उन्होंने कहा, 'हमने कैलिफोर्निया के चिनो हिल्स में एक हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ की खबरें देखी हैं। हम इस तरह के घृणित कृत्यों की कड़ी निंदा करते हैं।'

## विदेश मंत्रालय ने घटना की कड़ी निंदा की



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने अमेरिका के कैलिफोर्निया में श्री स्वामीनारायण मंदिर में हुई तोड़फोड़ की घटना की निंदा की है। विदेश मंत्रालय ने रविवार को कहा कि वह इस तरह के जघन्य कृत्यों की कड़ी निंदा करता है। इसके साथ ही उसने स्थानीय कानून प्रवर्तन अधिकारियों से इस घटना के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने आधिकारिक बयान में कैलिफोर्निया में एक हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ के बारे में मीडिया के सवालों का जवाब दिया। उन्होंने कहा, 'हमने कैलिफोर्निया के चिनो हिल्स में एक हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ की खबरें देखी हैं।

# तेलंगाना टनल हादसा, 16वें दिन एक डेडबॉडी मिली


एजेंसी

नागरकुर्नूल , तेलंगाना टनल हादसे के 16वें दिन रेस्क्यू टीम को पहला शव मिला है। बॉडी मशीन में फंसी हुई है। शव निकालने के लिए मशीन को काटने का काम जारी है। 7 मार्च को स्निफर डॉग्स (खोजी कुत्ते) को टनल में ले जाया गया था रेस्क्यू ऑफिसर ने बताया कि मशीन में फंसे शव के केवल हाथ दिखाई दे रहे थे। बीते दिन राज्य के सिंचाई मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी ने बताया था कि खोजी कुत्तों ने खास जगह पर तेज गंध का पता लगाया है। पता चला है कि वहां तीन लोग मौजूद हैं इसके बाद वहां पर जमा मलबा हटाया जा रहा था।

# सीने में दर्द की शिकायत पर उपराष्ट्रपति दिल्ली एम्स में भर्ती

### हालचाल जानने पहुंचे पीएम मोदी

> एक एक्स पोस्ट में, पीएम मोदी ने कहा, एम्स जाकर उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ जी के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। मैं उनके अच्छे स्वास्थ्य और शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। उपराष्ट्रपति को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के कार्डियोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. राजीव नारंग की देखरेख में क्रिटिकल केयर यूनिट (सीसीयू) में भर्ती कराया गया।



एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की, जो एम्स में भर्ती हैं। उपराष्ट्रपति को शनिवार देर रात एम्स में भर्ती कराया गया था। सूत्रों ने बताया कि धनखड़ को सीने में दर्द और बेचैनी महसूस हुई, जिसके बाद उन्हें अस्पताल के हृदय विभाग में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने धनखड़ का स्वास्थ्य अपडेट साझा करते हुए कहा कि उनकी हालत अब स्थिर है।एक एक्स पोस्ट में, पीएम मोदी ने कहा, एम्स जाकर उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ जी के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। मैं उनके अच्छे स्वास्थ्य और शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

## महिलाओं को डर के साये में नहीं रहना चाहिए



एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को यहां एक कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकताओं और पैरालिंपियन सहित सात महिलाओं को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने एक दैनिक अखबार की ओर से आयोजित एक महिला बाइक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि महिला बाइक चालक सशक्तीकरण का प्रतीक हैं।

हत्या — पीड़ित परिवार से मिले अजय राय, योगी सरकार से की मांग

# उतार प्रदेश में पत्रकार की गोली मारकर हत्या

एजेंसी

उत्तर प्रदेश। उत्तर प्रदेश के सीतापुर में एक स्थानीय पत्रकार राघवेंद्र बाजपेयी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। बाजपेयी हिन्दी अखबार दैनिक जागरण के स्थानीय संवाददाता थे। शनिवार को लखनऊ-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर उनकी हत्या कर दी गई। पत्रकार बाजपेयी हत्याकांड ने राज्य में राजनीतिक हलचल तेज कर दी है। यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की और योगी सरकार से उनके लिए अपील भी की। पुलिस के अनुसार लखनऊ-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर हेमपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास ओवरब्रिज पर मोटरसाइकिल सवार हमलावरों ने राघवेंद्र पर गोलियां चलाईं। उनके कंधे और सीने में तीन गोलियां लगीं। इस वारदात को अंजाम देकर हमलावर मोटरसाइकिल पर सवार होकर वहां से फरार हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस पत्रकार को अस्पताल ले गई, लेकिन वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सीतापुर के अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) प्रवीण रंजन सिंह ने बताया कि अपराधियों को पकड़ने के लिए सीमाएं सील कर दी गई हैं और साक्ष्य जुटाने का काम शुरू कर दिया गया है। कॉल डिटेल और अन्य कानूनी कार्रवाई चल रही है। एएसपी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस के मुताबिक, 'आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए चार टीमें बनाई गई हैं। आरोपियों की जांच और पहचान के लिए महोली, इमलिया और कोतवाली की पुलिस टीमों के साथ-साथ निगरानी और एसओजी टीमों को भी लगाया गया है।' मृतक के परिजनों ने मीडिया को बताया कि कुछ दिन पहले उन्हें फोन पर धमकी दी गई थी। पीड़ित परिवार से मुलाकात के बाद अजय राय ने कहा पूरा परिवार सदमे में है। यह एक निंदनीय और शर्मनाक घटना है कि एक युवा पत्रकार की गोली मारकर हत्या कर दी गई। सरकार और सीएम योगी को इस घटना में शामिल लोगों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए।



> पत्रकार बाजपेयी हत्याकांड ने राज्य में राजनीतिक हलचल तेज कर दी है। यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की और योगी सरकार से उनके लिए अपील भी की। उन्होंने कहा कि सरकार और सीएम योगी को इस घटना में शामिल लोगों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए। इसके साथ ही सरकार एक करोड़ रुपये परिवार को दे और पत्नी को नौकरी दे।



## सम्पादकीय

# ऑनलाइन निष्क्रिय रहने का सुख, नहीं लग पाता पक्षपात का आरोप!

इंटरनेट मीडिया में आप निष्क्रिय हैं तो कभी भी यह आरोप नहीं लग सकता कि आप इधर के हैं या उधर के? अब तो साइबर एक्सपर्ट भी कह रहे हैं कि आनलाइन प्लेटफार्मों में जो जितना अधिक सक्रिय है उसके ठगे जाने की उतनी अधिक आशंका है। ऑनलाइन सोशल प्लेटफार्म पर आप सक्रिय रहते हैं तो दिल की बात मुंह आने का डर होता है। अन्य क्षेत्रों में सक्रिय रहना भले अच्छा माना जाता हो, लेकिन आनलाइन प्लेटफार्मों पर निष्क्रिय लोग प्रायः सुखी देखे जा रहे हैं। अब तो साइबर एक्सपर्ट भी कह रहे हैं कि आनलाइन प्लेटफार्मों में जो जितना अधिक सक्रिय है, उसके ठगे जाने की उतनी अधिक आशंका है। इसी तरह इन प्लेटफार्मों में सक्रियता आपको लती बनाती है और आप दुनिया भर की समस्याओं को सुलझाने की चिंता में नाहक दुबले होते रहते हैं ।उन देशों की भी समस्याएं, जिन्हें मानचित्र में खोजना भी आपके लिए कठिन हो। आप इस जल्दी में भी रहते हैं कि किसी भी ट्रेंडिंग मसले पर कुछ लाइक या फिर वायरल होने वाली पोस्ट कैसे करें। इस फेर में अपना टेंशन बढ़ाते रहते हैं। इस टेंशन से बचना है और चैन से रहना है तो चाहे बजे डंका, चाहे जले लंका, आप तो बस आराम कीजिए ।जब आप ताजा खबर, बबन फैंस क्लब, सजातीय मंच, आज का ज्ञान, साहित्य शिरोमणि जैसे वाट्सएप समूहों में जबरिया जोड़ लिए गए हों या फिर अपनी इच्छा से जुड़े हों तो भी वहां निष्क्रियता से बढ़िया और कुछ नहीं। वहां सक्रिय रहकर आप अपना टेंशन बढ़ाएंगे और आपको शुभ प्रभात के संदेश दोपहर तक देखने पड़ेंगे ।वॉट्सएप समूहों में आए दिन बहसबाजी होती ही रहती है। टीवी चैनल हो तो बहस समय से शुरू होकर समय से खत्म हो जाए। इधर तो ₹सुबह से लेकर शाम तक, शाम से लेकर रात तक₹ निरंतर बहस की स्थिति बनी रहती है। कई बार बहस बढ़ते-बढ़ते थाने तक चली जाती है। इस बहस में वे बेचारे भी घसीट लिए जाते हैं, जिन्होंने बीच-बीच में सिर्फ रोने-हंसने के इमोजी भर भेजे होते हैं। ऐसे में यदि आप निष्क्रिय हैं तो बहस के साथ भी और बहस के बाद भी मजे में रहेंगे ।आनलाइन सोशल प्लेटफार्म पर आप सक्रिय रहते हैं तो दिल की बात मुंह आने का डर होता है। टीवी डिबेट में स्वतंत्र पत्रकार, राजनीतिक विश्लेषक या जानकार मुंह खोलते ही पकड़ में आ जाते हैं कि उनके मुंह में किस कंपनी की जुबान है। बोलने पर आदमी के दांत ही नहीं, अक्ल की दाढ़ भी दिख जाती है ।आप निष्क्रिय हैं तो कभी भी यह आरोप नहीं लग सकता कि आप इधर के है या उधर के ! वाट्सएप समूहों में यदि आप सक्रिय रहते हैं तो एडमिन कोई न कोई जिम्मेदारी सौंप देंगे। यह संसार की रीत है। चालू बैल को ही जोता जाता है। उत्सर्जित होती ऊर्जा का हर कोई रूपांतरण करना चाहता है।

## आज का विचार




# अविश्वसनीय साबित होते ट्रंप, कथनों और फैसलों में दिख रही अस्थिरता

> यह ठीक नहीं कि सबसे पुराने और शक्तिशाली लोकतंत्र का शासनाध्यक्ष वैश्विक मामलों में गैर जिम्मेदाराना रवैये का परिचय दे। वे कभी टैरिफ बढ़ाने की बात करते हैं कभी यूक्रेन को धमकी देते हैं। हमास को धमकी देने से भी वे पीछे नहीं हटे। वह अपने कथनों और फैसलों को लेकर अस्थिर और अविश्वसनीय भी दिख रहे हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का बड़बोलापन किसी से छिपा नहीं। वह किसी भी मामले में कुछ भी अप्रत्याशित कह देते हैं। वह असत्य और अर्द्धसत्य भी जोरदारी से कहते हैं। ट्रंप अपने इस कार्यकाल में वे सारे काम करने को उतावले हैं, जो पिछली पारी में नहीं कर पाए थे, लेकिन वह अपने कथनों और फैसलों को लेकर अस्थिर और अविश्वसनीय भी दिख रहे हैं। वह उन सभी देशों पर टैरिफ बढ़ाने की घोषणा कर रहे हैं, जो अमेरिका पर अधिक आयात शुल्क लगाते हैं। इसकी शुरूआत उन्होंने मेक्सिको, कनाडा और चीन से की, लेकिन फिर उन्होंने मेक्सिको और कनाडा पर टैरिफ लगाना एक माह के टाल भी दिया। यह साफ है कि वह व्यापार घाटे को खत्म करने की जल्दी में हैं। उनकी ओर से छेड़े गए टैरिफ वार का शायद चीन पर सबसे अधिक असर पड़ेगा। उसने पलटवार करते हुए अमेरिका पर टैरिफ बढ़ाते हुए कहा है कि वह उसके साथ हर तरह की जंग लड़ने को तैयार है। यदि ट्रंप के टैरिफ बढ़ाने के जवाब में चीन की तरह अन्य देशों ने भी टैरिफ बढ़ाया तो अमेरिका को इन देशों से आने वाली वस्तुएं महंगी मिलेंगी या फिर अन्य किसी देश से खरीदने पड़ेंगी। इससे बेपरवाह ट्रंप यह जताना चाहते हैं कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था को बचाने में वही सक्षम हैं। उनके अड़ियल रवैये से यही लग रहा है कि विश्व भर में स्टाक मार्केट में उथलपुथल का जो दौर शुरू हुआ, वह आगे भी जारी रहेगा। ट्रंप ज्यादा टैरिफ लगाने वाले देशों में भारत का नाम न जाने कितनी बार ले चुके हैं। गत दिवस उन्होंने फिर भारत को बहुत ज्यादा टैरिफ लगाने वाला देश बताते हुए यह दावा किया कि भारत टैरिफ में उल्लेखनीय कमी करने को तैयार हो गया है, जबकि भारत की ओर से ऐसी कोई घोषणा नहीं की गई है। वैसे भी अभी टैरिफ के मुद्दे पर दोनों देशों में वार्ता जारी है। इसके पहले ट्रंप ने घोषणा की थी कि वह 2 अप्रैल से भारत पर पारस्परिक टैरिफ लगाएंगे, जबकि प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात में यह तय हुआ था कि दोनों देश शीघ्र ही व्यापार समझौता करेंगे। ट्रंप मूलतः एक व्यवसायी हैं। वह भारत सहित अन्य देशों के रिश्तों को केवल आर्थिक चश्मे से देख रहे हैं। फिलहाल भारतीय उद्योगपति मान रहे हैं कि अमेरिका की ओर से टैरिफ बढ़ाने से भारतीय निर्यात पर अधिक असर नहीं पड़ेगा, लेकिन ट्रंप के मनमाने रवैये को देखते हुए यह कहना कठिन है कि ऐसा ही होगा। अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझीदार है। पिछले साल दोनों देशों का व्यापार 130 अरब डालर था। दोनों देश 2030 तक इसे 500 अरब डालर तक ले जाना चाहते हैं। दोनों देशों के कारोबारियों ने एक-दूसरे के यहां भारी निवेश कर रखा है। इसके अलावा बड़ी संख्या में भारतीय नौकरी के लिए अमेरिका जाते हैं, लेकिन अनेक ऐसे भी हैं, जो वहां अवैध तरीके से जाते हैं। ट्रंप अपने यहां अवैध रूप से पहुंचे भारतीयों को निकालने में लगे हुए हैं। वैसे तो ऐसे भारतीय पहले भी वहां से निकाले गए हैं, लेकिन इस बार ट्रंप उन्हें बहुत अपमानजक तरीके से निकाल रहे हैं। वे उन्हें हथकड़ी-बेडी लगाकर भेज रहे हैं। माना जाता है कि ऐसा करके वह भारत को यह राजनीतिक संदेश दे रहे हैं कि उसे आर्थिक-व्यापारिक मामले में उनके समक्ष झुकना ही पड़ेगा। देखना है कि भारत उनका सामना किस तरह करता है? ट्रंप यूक्रेन और रूस की लड़ाई अपनी शर्तों पर खत्म करने में भी जुट गए हैं। इससे यूक्रेन असहाय सा दिख रहा है। यह पहली बार नहीं, जब अमेरिका ने किसी देश को पहले सहायता देकर बाद में अधर में छोड़ा हो। ट्रंप और उनके साथियों ने यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की का जिस तरह व्हाइट हाउस में अपमान किया, वह अप्रत्याशित है। ऐसा व्यवहार अमेरिका जैसे देश को शोभा नहीं देता। इस व्यवहार से यही धारणा बनी कि ट्रंप अक्खड़ हैं और उन पर भरोसा करना खतरे से खाली नहीं। ट्रंप और पुतिन के संबंध पहले से ही प्रगाढ़ रहे हैं। यह साफ है कि वह अमेरिका और रूस की तनातनी आगे नहीं बढ़ाना चाहते, लेकिन इस फेर में यूक्रेन का संकट और यूरोप की चिंता तो बढ़ ही रही है, भरोसेमंद देश के रूप में अमेरिका की छवि भी नष्ट हो रही है। ट्रंप कितने अस्थिर हैं, इसका पता इससे चलता है कि अब वह रूस पर भी नए प्रतिबंध लगाने की बात कर रहे हैं। ट्रंप ने बीते 40 दिनों में धड़ाधड़ प्रशासनिक आदेशों के जरिये जो तमाम फैसले लिए हैं, उनमें से अनेक का विरोध हो रहा है और कुछ पर तो अदालतों ने रोक भी लगा दी है। अमेरिकी न्यायपालिका स्वतंत्र और सशक्त है। उसके समक्ष ट्रंप मनमानी नहीं कर सकते। हैरानी नहीं कि उनके कई फैसले अधर में पड़ जाएं। तथ्य यह भी है कि उनके कुछ फैसलों का जब तक संसद से अनुमोदन नहीं होता, तब तक उन पर अमल संभव नहीं। ट्रंप ने खर्च घटाने के लिए जिस सरकारी दक्षता विभाग की कमान कारोबारी एलन मस्क को सौंपी है, उसकी अनुशंसा से वह अमेरिकी एजेंसी यूएसएड के जरिये विश्व के अनेक देशों को दी जाने वाली सहायता पर भी रोक लगा रहे हैं। उन्होंने कई देशों को विभिन्न मदों में दी जा रही अमेरिकी सहायता को लेकर अपने ही लोगों को भ्रष्टाचार में लिप्त बता दिया है। पता नहीं उनके दावों में कितना सच है, लेकिन कई मामलों से यह प्रश्न उठता है कि यूएसएड विभिन्न देशों को सहायता दे रहा था या फिर वहां अनुचित दखल दे रहा था? ट्रंप ने सामाजिक सुरक्षा के नाम पर दी जा रही सहायता पर जो गंभीर सवाल उठाए हैं, वे भी अमेरिकी शासन तंत्र में भ्रष्टाचार की ओर संकेत करते हैं। अच्छा होगा कि भ्रष्टाचार के मामले में अमेरिका अपने गिरेबान में भी झांके। ट्रंप की अनाप-शनाप घोषणाओं से यह साफ है कि उनके साथियों को उन्हें सही साबित करने में तो मुश्किल पेश आएगी ही, अमेरिका की विश्वसनीयता को चोट भी पहुंचेगी। यह ठीक नहीं कि सबसे पुराने और शक्तिशाली लोकतंत्र का शासनाध्यक्ष वैश्विक मामलों में गैर जिम्मेदाराना रवैये का परिचय दे। किसी को ट्रंप को बताना चाहिए कि उनका रवैया अमेरिका को अविश्वसनीय बना रहा है।



## राशिफल



**मेष राशि** ; मेष राशि के जातकों को कल कार्य क्षेत्र में अच्छी सफलता मिलेगी, उन्हें किसी काम के लिए कोई सम्मान भी प्राप्त हो सकता है. भगवान पर आपको भरोसा रखना होगा, तभी आपके सभी काम पूरे होंगे.

**वृषभ राशि** : वृषभ राशि के जातकों के लिए कल दिन प्रसन्नता दिलाने वाला रहेगा. आपके मन में खुशियां भरपूर रहेंगी. संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी. आप किसी नई प्रॉपर्टी की खरीदारी कर सकते हैं.

**मिथुन राशि** : मिथुन राशि के जातकों को कल कामो को लेकर टेंशन रहेगी. आपके ऊपर काम अधिक रहेंगे. विद्यार्थियों ने यदि पढ़ाई लिखाई में लापरवाही की तो बाद में उनकी समस्याएं बढ़ सकती हैं.

**कर्क राशि** : कर्क राशि के जातक के लिए कल दिन किसी मन की इच्छा की पूर्ति के लिए रहेगा. कार्य क्षेत्र में आपकी सभी योजनाएं सफल रहेंगी. राजनीति में कार्यरत लोगों को किसी नए पद की प्राप्ति होने से उनका मन खुश रहेगा.

**सिंह राशि** : सिंह राशि के जातकों के लिए कल दिन मेहनत व ईमानदारी से काम करने के लिए रहेगा. विद्यार्थी अपने ज्ञान में बढ़ाने का कोई भी मौका हद से जाने नहीं देंगे. आपको सगे संबंधियों का पूरा साथ मिलेगा.

**कन्या राशि**:कन्या राशि के जातको के लिए कल दिन रोजगार के मामले में अच्छा रहने वाला है. आप अपने भोजन में अच्छे खान-पान का आनंद लेंगे. सिंगल लोगों की उनके साथी से मुलाकात होगी.

**तुला राशि** : तुला राशि के जातकों का कोई रुका हुआ काम पूरा हो सकता है. कल आपकी कुछ नई विरोधी आपको परेशान करने की कोशिश करेंगे. आपको अपने किसी सहयोगी की कोई बात बुरी लग सकती है.

**वृश्चिक राशि** : वृश्चिक राशि के जातकों को यदि अपने कामों में को करने में कुछ कठिनाई आ रही थी, तो वह भी दूर होगी. आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी. आपको किसी छोड़ी हुई नौकरी का ऑफर आ सकता है. कल आपके परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य में गिरावट आने से आपकी समस्याएं बढ़ेगी.

**धनु राशि** : धनु राशि के जातकों के लिए कल दिन सुख सुविधाओं में वृद्धि लेकर आने वाला है. आपको रुके हुए कामों में सफलता मिलेगी. जीवन में आपको तालमेल बनाकर चलने की आवश्यकता है.

**मकर राशि**: मकर राशि के जातक अपने कामो से लोगों को खुश रखेंगे. आप अपने घर के कामों को भी पूरा करने के लिए पूरी कोशिश में लगे रहेंगे. आप किसी प्रॉपर्टी में इन्वेस्टमेंट करेंगे, तो वह आपके लिए अच्छा रहने वाला है. कोई सरकारी काम यदि रुका हुआ था, तो उसके भी पूरा होने की संभावना है.

**कुंभ राशि** : कुंभ राशि के जातको को अपने मन में नकारात्मक विचारों को रखने से बचना होगा. आपकी कार्यक्षेत्र में किसी बात को लेकर कहा सुनी हो सकती है. माता-पिता आपको काम को लेकर कोई बड़ी जिम्मेदारी दे सकते हैं. आप कल छोटी-छोटी बातो पर नाराजगी दिखाएंगे, जिससे परिवार के सदस्य भी आपसे नाराज रहेंगे. जीवनसाथी को आप कहीं घुमाने लेकर जाने की योजना बना सकते हैं.

**मीन राशि** :मीन राशि के जातकों को किसी कानूनी मामले से छुटकारा मिलेगा, क्योंकि फैसला उनके पक्ष में आ सकता है. आपका मन कल किसी बात को लेकर थोड़ा परेशान रहेगा. आपको किसी दूर रह रहे परिजन की याद सता सकती है. आप अपने कामों को लेकर थोड़ा सावधानी बरते, क्योंकि जल्दबाजी के कारण आप कोई गड़बड़ी कर सकते हैं. आप दिल की बजाय दिमाग से निर्णय लेंगे, तो आपके लिए बेहतर रहेगा.

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# बचपन में टूटती जिंदगी की डोर

**विजय गर्ग**



अहमदाबाद के निजी विद्यालय में कुछ दिन पहले आठ साल की बच्ची की हृदयाघात से मौत हो गई। सुबह स्कूल पहुंची बच्ची को सीढ़ियां चढ़ते वक्त सीने दर्द महसूस हुआ, तो वह गलियारे में बैठ गई। फिर कुछ ही पलों में वह बेंच से गिर पड़ी। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसी तरह कर्नाटक में भी शिक्षिका को कापी दिखाने के लिए अपनी सीट से उठ रही बच्ची अचानक बेहोश हो गई। अस्पताल ले जाने पर पर चिकित्सकों ने ने बताया कि हृदयाघात के कारण उसका जीवन समाप्त हो चुका है। उत्तर प्रदेश के बागपत जिले में भी पहली कक्षा में पढ़ने वाली एक बच्ची की खेलते समय मौत हो गई। वहीं हर आयुवर्ग के लोगों में बढ़ता हृदयाघात चिंता का विषय है। मगर बच्चों से से जुड़े मामले सचमुच भयभीत करने वाले हैं। खेलने- कूदने की में दिल का दौरा पड़ने से जिंदगी की टूटती डोर नई पीढ़ी के बिगड़ते स्वास्थ्य पर गंभीरता से सोचने को विवश कर रही है।

दरअसल, दुषित पर्यावरण, मिलावटी खानपान और निष्क्रिय जीवनशैली बच्चों को भी स्वास्थ्य समस्याओं के घेरे में ले है। इतना ही नहीं मोबाइल फोन में झांकते हुए बीत रहा समय भी बचपन के लिए बड़ा जोखिम बन गया है। एक और अस्वास्थ्यकर भोजन का बढ़ता चलन, तो दूसरी ओर तकनीकी व्यस्तता के कारण निष्क्रिय होती जीवनशैली। संतुलित और पोषण से भरपूर आहा आहार से दूर होते बच्चे जाने-अनजाने कुपोषण के जाल में फंस रहे हैं। शारीरिक गतिविधियों और व्यायाम की जगह तनाव का घेरा बढ़ाने वाले ठहराव ने ली है। बाल स्वास्थ्य से जुड़े जोखिम बढ़ाते अस्वास्थ्यकर भोजन से लेकर आरामदायक दिनचर्या तक, बचपन से बहुत कुछ नया जुड़ गया है। पोषण रहित चटपटे भोजन की त्वरित पहुंच ने खानपान की नई संस्कृति को जन्म दिया है। हालिया बरसों में रसोईघर में पके खाने से बड़े बच्चे भी दूर हुए हैं। बड़े शहरों में ही नहीं, गांवों-कस्बों में भी फल और सब्जियां खाना छूट सा गया है। बाहर के भोजन की त्वरित उपलब्धता से भी परंपरागत खाद्य पदार्थों के प्रति अरुचि बढ़ी है। अमेरिका के मैरीलैंड विश्वविद्यालय के शोधकताओं के ब्राजील, चीन, भार भारत, नाईजीरिया, पाकिस्तान और रूस में विपणन, विज्ञापन और अंतरराष्ट्रीय खाद्य एवं पेय पदार्थों के बीच संबंध से जुड़े अध्ययन के अनुसार प्रचलित ब्रांड के खाद्य और पेय उत्पाद सहजता से बच्चों की जीवनशैली में में स्थान बना लेते हैं। पांच से छह वर्ष के बच्चों को लेकर हुए अध्ययन में सामने आया कि बाजार को विस्तार देने की सोच के साथ विज्ञापनों से रूबरू होने वाले बच्चों में कम पोषण वाले ऐसे पदार्थों प्रस्तुत के प्रति खिंचाव की संभावना अधिक होती है। दुनियाभर में हुए अध्ययन बताते हैं कि विज्ञापन देख कर भोजन को वरीयता देने और बाल स्थूलता में गहरा संबंध है।

हर आयु वर्ग के लोगों में हृदय रोग का जोखिम बढ़ाने वाला मोटापा बाल स्वास्थ्य के लिए भी बड़ा खतरा बन गया है। निष्क्रिय जीवनशैली के कारण बढ़ता मोटापा वैश्विक स्तर पर अनगिनत स्वास्थ्य समस्याओं की जड़ माना जाने लगा है मोटे बच्चों में उच्च रक्तचाप या उच्च कोलेस्ट्रॉल जैसे कारक दिल की सेहत बिगाड़ते हैं। मोटापे का सामना कर रहे कई बच्चों में दोनों में से एक कारक हृदय रोग के जोखिम को बढ़ाता है। आमतौर पर हमारे घरों में आज भी यही माना जाता है कि बच्चों को उच्च कोलेस्ट्राल और दिल की बीमारी जैसी समस्याएं कैसे हो सकती है ? जबकि हृदय रोग केवल वयस्कों और बुजुगों में ही नहीं होता। नवजात शिशुओं और बच्चों का दिल भी बीमार हो सकता है ।अध्ययन बताते हैं कि कुछ मामलों में इस बीमारी की जड़ कही जाने वाली उच्च कोलेस्ट्रॉल की समस्या वंशानुगत भी होती है। पारिवारिक 'हाइपरकोलेस्ट्रोलेमिया' के नाम से जानी जाने वाली यह स्थिति लगभग एक से दो फीसद बच्चों में होती है। ह्यूस्टन के पीडियाट्रिक कार्डियोलाजी एसोसिएट्स' की निदेशक क्लेरिसा गार्सिया का कहना है कि 'अब प्रीस्कूल की से ही बच्चों में उच्च कोलेस्ट्राल, उच्च रक्तचाप और मोटापे जैसी परेशानियां बढ़ रहीं हैं। जब हम इन संकेतकों को जल्दी पहचान लेते हैं, तो हम भविष्य में अधिक गंभीर हृदय समस्याओं से बचने के लिए कदम उठा सकते हैं।' अध्ययनों में यह भी सामने आया है कि कई लोगों में 'फैटी प्लाक' का निर्माण बचपन में शुरू हो जाता है जो उम्र के साथ बढ़ता जाता है। यह व्याधि 'एथेरोस्क्लेरोसिस' कही जाती है। समय के साथ, यह हृदय रोग की वजह बनता है।

दुखद है कि हंसते-खेलते बच्चे स्कूल परिसर, खेल के मैदान या गली-मुहल्ले में धमा-चौकड़ी मचाते हुए स के मुंह में समा रहे सहसा हैं ऐसे मामलों में न तो चिकित्सा का अवसर मिलता है और न ही सेहत बिगड़ने की कोई चेतावनी। यही कारण है कि जीवनशैली जनित बदलावों को समझना आवश्यक हो चला है। बच्चों का स्वास्थ्य सहेजने के मोर्चे पर पोषणयुक्त भोजनसं भोजन और सक्रियता सबसे अहम पक्ष हैं। गौरतलब है कि आज दुनियाभर में दस फीसद बच्चे ज्यादा वजन की समस्या से जूझ रहे हैं। कनाडा में पिछले 20 साल में बच्चों में मोटापा तीन गुना बढ़ गया। असल में जन्मजात दोष के अलावा शारीरिक स्थूलता, सक्रियता की कमी और कुपोषण बच्चों में हृदय रोगके जोखिम को बढ़ाते हैं। इतना ही नहीं छोटे- -छोटे बच्चे भी अब तनाव, अवसाद वसाद और अकेलेपन का शिकार हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन और यूनिसेफ की ताजा रपट 'मेंटल हेल्थ आफ चिल्ड्रन एंड यंग पीपल' कहती है कि दुनिया में दस से 19 साल का हर सातवां बच्चा मानसिक परेशानियों से से जूझ रहा है। रहा है। इनमें अवसाद, बेचैनी और से जुड़ी समस्याएं शामिल हैं। व्हाइसीएमआर के सर्वेक्षण के मुताबिक देश में 12 से 13 फीसद विद्यार्थी भावनात्मक और व्यवहारगत समस्याओं से ग्रसित हैं। सामाजिक-पारिवारिक मौर्चे पर कुछ बच्चे अभिभावकों के अलगाव का दंश झेल रहे हैं, तो कहीं घरेलू सहायकों संग बचपन बीत रहा है।

# जनसंख्या के बोझ तले दबे संसाधन

**संजीव ठाकुर**

भारत की वर्तमान में जनसंख्या भारी-भरकम देश चीन की जनसंख्या से लगभग बराबर हो गई है। यानी कुल मिलाकर एक अरब चालीस करोड़ आबादी वाला भारत में जनसंख्या के बोझ तले विकास और उन्नति बेहद धीमी और अविकसित है। विकसित तथा समृद्ध देश भारत की जनसंख्या में एक संभावना वाला उपभोक्ता बाजार तलाशते हैं और इसे बहुत बड़ी पूंजी भी मानकर अपनी उपभोक्ता सामग्री भारत में बेचने का प्रयास करते हैं। केवल बाजार में निवेश और बाजारी ताकत ही विकास का पैमाना नहीं हो सकती है। बहुत बड़ी जनसंख्या सीमित संसाधनों को नष्ट कर देती है और विकास की धार को कमजोर करने का काम करती है। यदि हम जनसंख्या पर नियंत्रण करते हैं तो देश में बिजली, पानी की कमी बढ़ती महंगाई, फैलती विनाशकारी बेरोजगारी, भ्रष्टाचार पर नियंत्रण, अशिक्षा के फैलाव पर नियंत्रण, गरीब व्यक्ति को और गरीब होने से रोकने का प्रभावी तरीका तथा सांप्रदायिक दंगों पर रोक लगाई जा सकती है। कम और नियंत्रित जनसंख्या तेजी से विकास का पैमाना हो सकती है। 1951 से लेकर 81 तक भारत में जनसंख्या में जबरदस्त वृद्धि हुई है और इसे जनसंख्या विस्फोट का भी नाम दिया जा सकता है। संयुक्त राष्ट्र संघ में जनसंख्या के विभिन्न पहलुओं पर नजर रखने हेतु प्रत्येक वर्ष 11 जुलाई को जनसंख्या दिवस के रूप में पूरे विश्व में मनाया जाता है। वर्तमान जनसंख्या का विशाल स्वरूप 1981 के बाद भारत में विशालतम हो गया है और आज की जो जनसंख्या का विस्फोट उसी की परिणति है। भारत में जनसंख्या बढ़ने का प्रमुख कारण अशिक्षा, अंधविश्वास और घटती मृत्यु दर भी है। सीमित संसाधन कमजोर आर्थिक व्यवस्था के कारण देश में बेरोजगारी भ्रष्टाचार गरीबी महंगाई पानी तथा बिजली की कमी बढ़ती जनसंख्या के दुष्परिणाम ही हैं। यह तो अत्यंत निश्चित है यदि हम जनसंख्या पर नियंत्रण कर ले तो हम अपने विकास की गति को दोगुना कर सकते हैं। विकास के विभिन्न स्वरूपों को देखा जाए तो इसमें हम समावेशी विकास के रूप में देखकर आर्थिक विकास की उत्तर जनित राष्ट्रीय आय के विस्तृत नियोजन में समाज के सबसे गरीब और कमजोर वर्ग के लोगों को सही लाभ मिलने का नजरिया भी तलाशते हैं। जनसंख्या नियंत्रण कर गरीबी को नीचे से ऊपर की ओर सुधारने का काम हमें करना होगा और इसके लिए यह जरूरी है की कमजोर और वंचित वर्गों जिनमें महिला, वृद्ध, एससी, एसटी, श्रमिक आदि शामिल हैं को समुचित लाभ मिलना चाहिए। बच्चे आने वाले देश के नागरिकों के लिए उचित एवं आवश्यक शिक्षा की सुविधा मुहैया होनी चाहिए। वैसे जनसंख्या नियंत्रण ही विकास की समुचित धारा नहीं हो सकती हमें जनसंख्या के साथ सामाजिक आर्थिक सुरक्षा एवं सीमित संसाधनों के साथ तालमेल बिठाकर निरंतर आगे बढ़ना होगा लेकिन आवश्यकता संसाधनों के उचित दोहन नीतियों एवं कार्यक्रमों की है और आवश्यकता है नवाचार एवं उचित तकनीकी प्रौद्योगिकी की भी। वर्तमान में भारत विश्व में सबसे युवा आबादी वाला देश है उसके विपरीत चीन और जापान में निरंतर जनसंख्या में वृद्धों का अनुपात बढ़ रहा है इस तरह भारत में प्रचुर मानव संसाधन के स्रोत उपलब्ध हैं जिसका सही उपयोग करके भारत अपनी आर्थिक तथा सामरिक शक्ति को अत्यंत शक्तिशाली कर सकता है, इसके विपरीत भारत में विस्तृत रूप से गरीबी, बीमारियां, बेरोजगारी, जैसी विकराल समस्या में विद्यमान है। विश्व के कई कम आबादी वाले देश जैसे सोमालिया, लिथुआनिया आदि गरीबी, बेरोजगारी, आतंकवाद की समस्या से दो-चार हो रहे हैं और कम जनसंख्या के बावजूद विकास नहीं कर पा रहे हैं ।जबकि बहुत बड़ी जनसंख्या वाले देशों में चीन और अमेरिका विकसित राष्ट्रों की कतार में हैं

# गैस पाइपलाइन में रिसाव से लगी आग, तीन लोग जख्मी

बयान के मुताबिक, ऐसी घटनाओं से बचने के लिए, एमजीएल लगातार बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के साथ समन्वय कर रहा है और निगम के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा कर रहा है।



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई के अंधेरी इलाके में रविवार को एक गैस पाइपलाइन में रिसाव के बाद आग लगने से तीन लोग जख्मी हो गए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि इस घटना में दो वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए। महानगर गैस लिमिटेड (एमजीएल) ने बाद में एक बयान में बताया कि पाइपलाइन जेसीबी से अनियंत्रित खुदाई के कारण पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हुई। दमकल विभाग के एक अधिकारी ने दिन में बताया था कि अंधेरी (पूर्व) इलाके के तक्षशिला में एक गुरुद्वारे के पास शेर-ए-पंजाब सोसायटी में सड़क के बीच से गुजरने वाली महानगर गैस लिमिटेड की पाइपलाइन से रिसाव होने से शनिवार देर रात 12.35 बजे आग लग गई। उन्होंने बताया कि यह लेवल वन की आग थी, जिसने वहां से गुजर रही दो गाड़ियों को अपनी चपेट में ले लिया। अधिकारी ने बताया कि दोपहिया वाहन सवार अरविंद कुमार कैथल (21) 30 से 40 प्रतिशत, एक अन्य बाइक सवार अमन हरिशंकर सरोज (22) 40 से 50 प्रतिशत तक और ऑटो रिक्शा चालक सुरेश कैलास गुप्ता (52) 20 प्रतिशत तक झुलस गया। उन्होंने बताया कि पानी का टैंकर, दमकल गाड़ी आदि को तत्काल घटनास्थल भेजा गया तथा देर रात 1.34 बजे आग पर काबू पा लिया गया। अधिकारी ने बताया कि तीनों व्यक्तियों को इलाज के लिए जोगेश्वरी स्थित बालासाहेब ठाकरे ट्रॉमा केयर सेंटर में भर्ती कराया गया।

# मीरा भाईंदर को डबल-डेकर फ्लाईओवर का तोहफा

महाराष्ट्र के मीरा भाईंदर में डबल-डेकर फ्लाईओवर का उद्घाटन किया गया। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और मेट्रोपॉलिटन कमिश्नर डॉ संजय मुखर्जी के नेतृत्व में यह अत्याधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया गया है। इस फ्लाईओवर से शहर में ट्रैफिक व्यवस्था में बड़ा सुधार होगा।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः महाराष्ट्र के मीरा भाईंदर में डबल-डेकर फ्लाईओवर का उद्घाटन किया गया। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और मेट्रोपॉलिटन कमिश्नर डॉ संजय मुखर्जी के नेतृत्व में यह अत्याधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया गया है। इस फ्लाईओवर से शहर में ट्रैफिक व्यवस्था में बड़ा सुधार होगा। ट्रैफिक जाम कम होगा और यात्रा आसान होगी।

## मीरा भाईंदर को बेहतर कनेक्टिविटी देना हमारा लक्ष्य

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि यह डबल-डेकर फ्लाईओवर हमारी विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। मेट्रो और सड़क परिवहन को एकीकृत कर हम जगह का अधिकतम उपयोग कर रहे हैं और यात्रा को अधिक सुगम बना रहे हैं। मीरा भाईंदर के लोगों को बेहतर कनेक्टिविटी देना हमारा लक्ष्य है। एकनाथ शिंदे ने कहा कि यह सिर्फ एक फ्लाईओवर नहीं, बल्कि एक वादा पूरा करने जैसा है। मीरा-भाईंदर के तेजी से होते शहरीकरण के चलते यह फ्लाईओवर ट्रैफिक को कम करने और कनेक्टिविटी बढ़ाने में मदद करेगा।

मेट्रो लाइन-9 का हिस्सा है फ्लाईओवर

यह फ्लाईओवर मेट्रो लाइन-9 का हिस्सा है और साईं बाबा नगर मेट्रो स्टेशन (एसके स्टोन जंक्शन) से शिवर गार्डन तक फैला हुआ है। इसका निर्माण कॉमन पियर स्ट्रक्चर पर किया गया है, जो सड़क और मेट्रो ट्रांसपोर्ट को एक साथ जोड़ने वाला अपनी तरह का अनूठा मॉडल है।

## डबल-डेकर फ्लाईओवर की खासियत

यह फ्लाईओवर अत्याधुनिक तकनीकों के साथ तैयार किया गया है। इससे यातायात की आसानी और सुरक्षा दोनों सुनिश्चित की जा सके। मेट्रो लाइन-9 के वायाडक्ट पर ही फ्लाईओवर बनाया गया। इससे जगह और संसाधनों का अधिकतम उपयोग हुआ है। इस 17 मीटर चौड़े फ्लाईओवर में 2+2 लेन का निर्माण किया गया है, जिससे बिना जाम यात्रा जारी रहे।

## डबल-डेकर फ्लाईओवर में बेहतर ड्रेनेज सिस्टम

दरअसल इस डबल-डेकर फ्लाईओवर में बेहतर ड्रेनेज सिस्टम से जलभराव रोका जाएगा। रैंप पर स्पीड ब्रेकर और रंबल स्ट्रिप्स से गति नियंत्रित की जाएगी। प्रति 25 मीटर पर लाइट पोल लगाए गए हैं ताकि रात में विजिबिलिटी बेहतर बनी रहे। एसके स्टोन जंक्शन, कनकिया जंक्शन और शिवर गार्डन जंक्शन जैसे प्रमुख ट्रैफिक पॉइंट्स को बायपास करेगा, जिससे जाम से राहत मिलेगी।

# पुणे दानापुर पुणे होली तीन-तीन ट्रिप चलेगी होली स्पेशल ट्रेन

### इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, मदनमहल, कटनी, मैहर, सतना स्टशनों से होकर गुजरेगी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

जबलपुर। रेल प्रशासन द्वारा होली पर्व के दौरान यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विशेष ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में गाड़ी संख्या 01481/01482 पुणेझदानापुरझपुणे होली विशेष ट्रेन (03-03 ट्रिप) चलाई जा रही है, जो पश्चिम मध्य रेलवे के इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, मदनमहल (जबलपुर), कटनी, मैहर, सतना स्टशनों पर ठहरकर गंतव्य तक जाएगी।

पुणेझदानापुर-पुणे होली विशेष ट्रेन

गाड़ी संख्या 01481 पुणेझदानापुर होली विशेष ट्रेन दिनांक 10 मार्च, 14 मार्च एवं 17 मार्च 2025 को पुणे स्टेशन से रात 19:55 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन इटारसी सुबह 11:15 बजे, पिपरिया 12:24 बजे, नरसिंहपुर 13:30 बजे, मदनमहल 15:30 बजे, कटनी 16:55 बजे, मैहर 17:53 बजे, सतना 18:50 बजे पहुँचकर एवं मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए तीसरे दिन सुबह 05:00 बजे दानापुर स्टेशन पहुंचेगी। (03 ट्रिप)

गाड़ी संख्या 01482 दानापुरझपुणे होली विशेष ट्रेन दिनांक 12 मार्च, 16 मार्च एवं 20 मार्च 2025 को सुबह 06:45 बजे दानापुर स्टेशन से प्रस्थान कर, सतना 06:45 बजे, मैहर 18:38 बजे, कटनी 19:25 बजे, मदनमहल 21:00 बजे, नरसिंहपुर 22:26 बजे, अगले दिन पिपरिया मध्य रात्रि 00:03 बजे, इटारसी 01:50 बजे पहुँचकर एवं मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए दोपहर 17:35 बजे पुणे स्टेशन पहुंचेगी। (03 ट्रिप)

ठहरावः दौंड कॉर्ड लाइन, अहमदनगर, कोपरगांव, मनमाड जंक्शन, जलगांव जंक्शन, भुसावल जंक्शन, इटारसी जंक्शन, पिपरिया, नरसिंहपुर, मदनमहल, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर जंक्शन, प्रयागराज छिवकी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर एवं आरा।

कोच संरचनाः 01 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 07 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 08 शयनयान श्रेणी, 04 सामान्य श्रेणी एवं 2 एलएलआरडी।

यात्री होली स्पेशल ट्रेन के ठहराव की विस्तृत जानकारी रेल मदद 139 अथवा एनटीईएस ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त कर सकते है।

# रेलवे बोर्ड के चेयरमैन सतीश कुमार ने किया महिला रेलकर्मियों का सम्मान, कहा- नारी हमारी संस्कृति की शान

## पश्चिम मध्य रेलवे की वेल्डर श्रीमती कल्पना चौरे को सम्मानित किया गया







भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

जबलपुर। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रेलवे महिला कल्याण केंद्रीय संगठन (RWWCO) द्वारा नेशनल रेल म्यूज़ियम ऑडिटोरियम, नई दिल्ली में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि रेलवे बोर्ड के चेयरमैन एवं सीईओ श्री सतीश कुमार ने भारतीय रेल के प्रत्येक जोन, प्रोडक्शन यूनिट (PU) और कुछ सार्वजनिक उपक्रमों (PSUs) से चयनित 33 उत्कृष्ट महिला कर्मचारियों को सम्मानित किया। जिसमे पश्चिम मध्य रेलवे की वेल्डर श्रीमती कल्पना चौरे को सम्मानित किया गयो उन्होंने कहा कि नारी न सिर्फ पुरुषों के बराबर बल्कि उनसे अधिक काम कर देश के विकास में योगदान दे रही है। श्री सतीश कुमार ने भारतीय रेल में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रेलवे में महिलाओं की भागीदारी सिर्फ कार्यक्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि वह हमारे संगठन की शक्ति और सफलता का अभिन्न हिस्सा हैं। उनकी मेहनत, समर्पण और नेतृत्व ने भारतीय रेल को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने एक कविता का पाठ करते हुए कहा कि नारी मान है, सम्मान है। नारी हमारी संस्कृति की शान है। नारी शक्ति है, भक्ति है, नारी जीवन ज्योति की अभिव्यक्ति है। इस अवसर पर संगठन की अध्यक्ष श्रीमती (डॉ.) रूबी रानी सिंह ने महिला कर्मचारियों के सशक्तिकरण, कार्यस्थल पर उनकी सुरक्षा और लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए भारतीय रेल द्वारा उठाए जा रहे विभिन्न कदमों की चर्चा की। इस अवसर पर संगठन की सचिव श्रीमती अमृता शर्मा , कोषाध्यक्ष श्रीमती निर्देश सिंह व संयुक्त सचिव श्रीमती अंजलि वर्मा समेत कई गणमान्य मौजूद रहे।

# मध्य रेल द्वारा 34 अतिरिक्त होली विशेष ट्रेन सेवा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मध्य रेल अपने प्रमुख मार्गों पर अतिरिक्त 34 होली विशेष ट्रेन सेवाएं चलाएगा। इन विशेष ट्रेन सेवाओं का उद्देश्य होली के त्यौहार पर यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए सुगम और आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करना है। निम्नलिखित विशेष ट्रेन सेवाएं निम्न स्टेशनों के बीच चलेंगी। विवरण इस प्रकार है :

मुंबई - बनारस / मऊ / दानापुर / मडगांव

पुणे - हिसार / दानापुर / मालदा टाउन और कलबुरगि -बेंगलुरु

1) सीएसएमटी- बनारस - सीएसएमटी विशेष (2 सेवा)

01013 विशेष दिनांक 13.03.2025 को 22.30 बजे सीएसएमटी से रवाना होगी और तीसरे दिन 05.30 बजे बनारस पहुंचेगी।

01014 विशेष दिनांक 15.03.2025 को बनारस से 08.00 बजे रवाना होगी और अगले दिन 13.30 बजे सीएसएमटी पहुंचेगी।

ठहराव : दादर, ठाणे, कल्याण, नासिक रोड, मनमाड, जलगांव, भुसावल, खंडवा, इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी और वाराणसी जंक्शन।

संरचना : दो वातानुकूलित -2 टियर, 9 वातानुकूलित -3 टियर इकॉनमी, 5 शयनयान श्रेणी , 2 सामान्य द्वितीय श्रेणी, 1 द्वितीय श्रेणी -सह - लगेज- सह गार्ड कोच और 1 जेनरेटर कार

2) सीएसएमटी- मऊ- सीएसएमटी विशेष (2 सेवा)

01015 विशेष दिनांक 12.03.2025 को 22.30 बजे सीएसएमटी से रवाना होगी और तीसरे दिन 10.30 बजे मऊ पहुंचेगी। 01016 विशेष दिनांक 14.03.2025 को मऊ से 17.00 बजे रवाना होगी और तीसरे दिन 00.40 बजे सीएसएमटी पहुंचेगी।

ठहराव : दादर, ठाणे, कल्याण, नासिक रोड, मनमाड, जलगांव, भुसावल, खंडवा, इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, वाराणसी जंक्शन, जौनपुर और औंरिहार

संरचनाः 8 शयनयान श्रेणी, 8 सामान्य द्वितीय श्रेणी, 2 द्वितीय श्रेणी-सह-लगेज -सह गार्ड कोच।

3) एलटीटी-दानापुर-एलटीटी विशेष (2 सेवा)

01011 विशेष दिनांक 10.03.2025 को 10.30 बजे एलटीटी से रवाना होगी और अगले दिन 18.45 बजे दानापुर पहुंचेगी।

01012 विशेष दिनांक 11.03.2025 को दानापुर से 21.30 बजे रवाना होगी और तीसरे दिन 04.50 बजे एलटीटी पहुंचेगी।

ठहराव : ठाणे, कल्याण, नासिक रोड, भुसावल, इटारसी, जबलपुर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर और आरा।

संरचनाः 8 शयनयान श्रेणी, 8 सामान्य द्वितीय श्रेणी, 2 द्वितीय श्रेणी-सह-सामान-सह गार्ड कोच।

4) एलटीटी-मडगांव-एलटीटी विशेष (4 सेवा)

01103 विशेष दिनांक 17.03.2025 और 24.03.2025 को एलटीटी से 08.20 बजे रवाना होगी और उसी दिन 21.40 बजे मडगांव पहुंचेगी।

01104 विशेष दिनांक 16.03.2025 और 23.03.2025 को मडगांव से 16.30 बजे रवाना होगी और अगले दिन 06.25 बजे एलटीटी पहुंचेगी।

ठहरावः ठाणे, पनवेल, पेन, रोहा, मानगांव, खेड़, चिपलून, संगमेश्वर रोड, रत्नागिरी, अडवली, विलवडे, राजापुर रोड, वैभववाड़ी रोड, कंकवली, सिंधुदुर्ग, कुडाल, सावंतवाड़ी रोड, थिविम और करमालीसंरचनाः एक वातानुकूलित 2-टियर, तीन वातानुकूलित 3-टियर, दो वातानुकूलित 3-टियर इकॉनमी, 8 शयनयान श्रेणी, 4 सामान्य द्वितीय श्रेणी, 1 द्वितीय श्रेणी -सह -लगेज- सह-गार्ड कोच और 1 जेनरेटर कार

5) पनवेल-मडगांव विशेष (4 सेवा)

01101 विशेष दिनांक 15.03.2025 और 22.03.2025 को 18.20 बजे पनवेल से रवाना होगी और अगले दिन 06.45 बजे मडगांव पहुंचेगी।

01102 विशेष दिनांक 15.03.2025 और 22.03.2025 को मडगांव से 08.00 बजे रवाना होगी और उसी दिन 17.30 बजे पनवेल पहुंचेगी।

ठहरावः पेन, रोहा, मानगांव, खेड़, चिपलून, संगमेश्वर रोड, रत्नागिरी, राजापुर रोड, वैभववाड़ी रोड, कंकवली, कुडाल, सावंतवाड़ी रोड, थिविम और करमाली

संरचनाः एक वातानुकूलित 2-टियर, तीन वातानुकूलित 3-टियर, दो वातानुकूलित 3-टियर इकॉनमी, 8 शयनयान श्रेणी, 4 सामान्य द्वितीय श्रेणी, 1 द्वितीय श्रेणी-सह -लगेज-सह गार्ड कोच और 1 जेनरेटर कार

6) पनवेल- चिपलून अनारक्षित विशेष (8 सेवा)

01017 अनारक्षित विशेष दिनांक 13.03.2025 से 16.03.2025 तक पनवेल से 21.10 बजे रवाना होगी और अगले दिन 02.00 बजे चिपलून पहुंचेगी।

01018 अनारक्षित विशेष दिनांक 13.03.2025 से 16.03.2025 तक चिपलून से 15.25 बजे रवाना होगी और उसी दिन 20.45 बजे पनवेल पहुंचेगी।

ठहराव : सोमाटने, आप्टा, जीते, पेन, कासु, नागोथे, रोहा, कोलाड, इंदापुर, मानगांव, गोरेगांव रोड, वीर, सापे वामने, करंजडी, विन्हेरे, दीवानखावटी, कलांबनी बुद्रुक, खेड़ और अंजनी। संरचनाः 8 कार मेमू

7) पुणे-दानापुर-पुणे विशेष (2 सेवा)

01419 विशेष दिनांक 11.03.2025 को पुणे से 19:55 बजे रवाना होगी और तीसरे दिन 04.30 बजे दानापुर पहुंचेगी

01420 विशेष दिनांक 13.03.2025 को दानापुर से 06:30 बजे रवाना होगी और अगले दिन 17:35 बजे पुणे पहुंचेगी।

ठहराव : दौंड कॉर्ड लाइन, अहमदनगर, कोपरगांव, मनमाड, भुसावल, इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पं.दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर और आरा।

संरचनाः एक वातानुकूलित प्रथम श्रेणी, एक वातानुकूलित 2-टियर, 10 शयनयान श्रेणी, 04 सामान्य द्वितीय श्रेणी, 02 लगेज सह गार्ड ब्रेक वैन

8) पुणे मालदा टाउन विशेष (2 सेवा)

03426 विशेष दिनांक 23.03.2025 को 22.00 बजे पुणे से रवाना होगी और तीसरे दिन 16.30 बजे मालदा टाउन पहुंचेगी

03425 विशेष दिनांक 21.03.2025 को 17.30 बजे मालदा टाउन से रवाना होगी और तीसरे दिन 11.35 बजे पुणे पहुंचेगी

ठहरावः दौंड कॉर्ड लाइन, मनमाड, जलगांव, भुसावल, इटारसी, पिपरिया, जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, दानापुर, पटना, भक्तियारपुर, मोकामा, किउल जंक्शन, अभयपुर, जमालपुर, सुल्तानगंज, भागलपुर, कहलगांव, साहिबगंज, बरहरवा और न्यू फरक्का

संरचनाः 01 वातानुकूलित 2-टियर, 04 वातानुकूलित 3-टियर, 09 शयनयान श्रेणी, 03 सामान्य द्वितीय श्रेणी, 02 लगेज सह गार्ड ब्रेक वैन

9) हडपसर-हिसार विशेष (4 सेवा)

04726 विशेष दिनांक 10.03.2025 और 17.03.2025 को 17.00 बजे हडपसर से रवाना होगी और अगले दिन 22.25 बजे हिसार पहुंचेगी 04725 विशेष दिनांक 09.03.2025 और 16.03.2025 को 05.50 बजे हिसार से रवाना होगी और अगले दिन 10.45 बजे हडपसर पहुंचेगी।

ठहराव : पुणे, चिंचवड़, लोनावला, कल्याण, वसई रोड, वापी, उधना, भरूच, वडोदरा, गोधरा, रतलाम, नागदा, भवानी मंडी, कोटा, सवाई माधोपुर, दुगार्पुर, जयपुर, रींगस, सीकर, नवलगढ़, झुंझुनू, चिरावा, लोहारू और सादुलपुर संरचनाः 02 वातानुकूलित 2-टियर, 04 वातानुकूलित 3-टियर, 08 शयनयान श्रेणी, 04 सामान्य द्वितीय श्रेणी, 01 लगेज सह गार्ड ब्रेक वैन और 1 जेनरेटर कार

10) कलबुरगि - सर एम विश्वेसरैया टर्मिनल बेंगलुरु विशेष - (4 सेवा)

06520 विशेष दिनांक 14.03.3025 और 15.03.2025 को 09.35 बजे कलबुरगि से रवाना होगी और उसी दिन 20.00 बजे बेंगलुरु पहुंचेगी।

06519 विशेष दिनांक 13.03.3025 और 14.03.2025 को 21.15 बजे बेंगलुरु से रवाना होगी और अगले दिन 07.40 बजे कलबुरगि पहुंचेगी।

ठहरावः शाहाबाद, ताड़गीर, कृष्णा, रायचूर, मंत्रालयम रोड, अदोनी, गुंटकल, अनंतपुर, धर्मावरम और येलहंका संरचनाः, 02 वातानुकूलित 2-टियर, 05 वातानुकूलित 3-टियर, 10 शयनयान श्रेणी, 02 सामान्य द्वितीय श्रेणी और 02 लगेज सह गार्ड ब्रेक वैन

आरक्षणः इन विशेष ट्रेनों के लिए विशेष शुल्क पर बुकिंग सभी कम्प्यूटरीकृत आरक्षण केंद्रों और वेबसाइट www.irctc.co.in पर की जा सकती है

विशेष ट्रेन संख्या 01013, 01015, 01011, 01419 और 04726 के लिए बुकिंग शुरू है

विशेष ट्रेन संख्या 01103, 01101, 03426 और 06520 के लिए बुकिंग दिनांक 10.03.2025 को शुरू होगी

ट्रेन संख्या 01017/01018 अनारक्षित मेमू विशेष के लिए सामान्य शुल्क पर टिकट यूटीएस के माध्यम से बुक किए जा सकते हैं।

इन विशेष ट्रेनों के विस्तृत समय और ठहराव के लिए, कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर देखें या एनटीईएस ऐप डाउनलोड करें।

# पश्चिम रेलवे चलाएगी चार जोड़ी होली स्पेशल ट्रेनें

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई, पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए तथा होली त्योहार के दौरान उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से उधना एवं दानापुर तथा अहमदाबाद एवं दानापुर स्टेशनों के बीच विशेष किराये पर चार जोड़ी स्पेयशल ट्रेनें चलाई जाएगी।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इन ट्रेनों का विवरण इस प्रकार है

1. ट्रेन संख्याः 09053/09054 उधना-दानापुर स्पेशल [2 फेरे]

ट्रेन संख्या 09053 उधना-दानापुर स्पेशल सोमवार, 10 मार्च, 2025 को 14.15 बजे उधना से प्रस्थान करेगी और बुधवार को 00.45 बजे दानापुर पहुंचेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09054 दानापुर-उधना स्पेशल बुधवार, 12 मार्च, 2025 को दानापुर से 06.00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 14.30 बजे उधना पहुंचेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में सयान, भरूच, वडोदरा, गोधरा, रतलाम, उज्जैन, संत हिरदाराम नगर, बीना, सागौर, दमोह, कटनी मुरवारा, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर और आरा स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में स्लीपर क्लास और जनरल सेकेंड क्लास कोच होंगे।

2. ट्रेन संख्याः 09011/09012 उधना-दानापुर स्पेशल [2 फेरे]

ट्रेन संख्या 09011 उधना- दानापुर स्पेशल मंगलवार, 11 मार्च, 2025 को 11.25 बजे उधना से प्रस्थान करेगी और अगले दिन 1330 बजे दानापुर पहुंचेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09012 दानापुर- उधना स्पेशल बुधवार, 12 मार्च, 2025 को 16.45 बजे दानापुर से प्रस्थान करेगी और अगले दिन 23.30 बजे उधना पहुंचेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में चलथान, बारडोली, नंदुरबार, भुसावल, खंडवा, इटारसी, पिपरिया नरसिंहपुर, मदन महल, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर और आरा स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में स्लीपर क्लास और जनरल सेकेंड क्लास कोच होंगे।

3. ट्रेन संख्याः 09021/09022 उधनाझ दानापुर स्पेशल [2 फेरे]

ट्रेन संख्या 09021 उधना दानापुर स्पेशल बुधवार, 12 मार्च, 2025 को उधना से 14.15 बजे प्रस्थान करेगी और शुक्रवार को 00.45 बजे दानापुर पहुंचेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09022 दानापुर उधना स्पेशल शुक्रवार, 14 मार्च, 2025 को दानापुर से 06.00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 14.30 बजे उधना पहुंचेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में सयान, भरूच, वडोदरा, गोधरा, रतलाम, उज्जैन, संत हिरदाराम नगर, बीना, सागौर, दमोह, कटनी मुरवारा, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर और आरा स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में स्लीपर क्लास और जनरल सेकेंड क्लास कोच होंगे।

4. ट्रेन संख्याः 09407/09408 अहमदाबाद - दानापुर स्पेशल [2 फेरे]

ट्रेन संख्या 09407 अहमदाबाद- दानापुर स्पेशल मंगलवार, 11 मार्च, 2025 को अहमदाबाद से 09.20 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 19.00 बजे दानापुर पहुंचेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09408 दानापुर- अहमदाबाद स्पेशल बुधवार, 12 मार्च, 2025 को दानापुर से 22.00 बजे प्रस्थान करेगी और शुक्रवार को 10.30 बजे अहमदाबाद पहुंचेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में नडियाद, छायापुरी, रतलाम, उज्जैन, संत हिरदाराम नगर, बीना, सागर, दमोह, कटनी मुरवारा, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर और आरा स्ट्रेशनों पर रुकेगी।

## इस ट्रेन में स्लीपर क्लास और जनरल सेकेंड क्लास कोच होंगे।

ट्रेन संख्या 09053 की बुकिंग 10 मार्च, 2025 को 08.00 बजे से, जबकि ट्रेन संख्या 09011 एवं 09407 की बुकिंग 10 मार्च, 2025 को 15.00 बजे से शुरू होगी। इसके अलावा, ट्रेन संख्या 09021 की बुकिंग 11 मार्च, 2025 को सुबह 08.00 बजे से सभी पीआरएस काउंटरों और IRCTC की वेबसाइट पर शुरू होगी। उपर्युक्त ट्रेनें विशेष किराए पर स्पे.शल ट्रेन के रूप में चलेंगी। ट्रेनों के समय, ठहराव और संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

प्रदर्शन

## सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (महिला) के लिए प्रथम पुरस्कार और सर्वश्रेष्ठ नाटक के लिए दूसरा पुरस्कार जीता

# मध्य रेल के कलाकारों का अंतर-रेलवे सांस्कृतिक प्रतियोगिता (नाटक)-2025 में शानदार प्रदर्शन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क






4 से 6 मार्च 2025 तक प्रयागराज में आयोजित अंतर-रेलवे सांस्कृतिक प्रतियोगिता (नाटक)-2025 में मध्य रेल के कलाकारों ने अपने प्रदर्शन के लिए प्रशंसा अर्जित की, सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (महिला) का पहला पुरस्कार और सर्वश्रेष्ठ नाटक के लिए दूसरा पुरस्कार जीता। इस प्रतियोगिता प्रतिभा और रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला, जिसमें विभिन्न भारतीय रेलवे क्षेत्रों की 20 टीमों ने भाग लिया। अपने उच्च मानकों के लिए जानी जाने वाली इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली प्रत्येक टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मध्य रेल शीर्ष दावेदारों में से एक के रूप में उभरा, जिसने प्रतियोगिता में प्रतिष्ठित दूसरा स्थान हासिल किया। उनके उल्लेखनीय प्रदर्शन को श्रीमती वर्षा यतिन गोडबोले की मान्यता से और बढ़ावा मिला, जिन्हें नाटक ₹ऐ₹ में उनके असाधारण चित्रण के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (महिला) पुरस्कार से सम्मानित किया गया। प्रतिभाशाली कलाकारों में हर्षद कठपुतकर, विनय शुक्ला, रुषभ माली, प्रिया धागे और वर्षा गोडबोले शामिल थे, जिनके अभिनय ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। टीम की सफलता का मार्गदर्शन टीम मैनेजर के रूप में श्री सरजेराव पवार ने किया, जबकि नाटक का निर्देशन श्री जितेंद्र अगरकर ने कुशलता से किया। सफलता में योगदान देने वाले टीम के अन्य सदस्यों में विनोद मोटे, यतिन गोडबोले, शांताप्पा जालपुर, प्रदीप अहेर, विशाल शिंदे, प्रशांत घुगरे, आशीष नेगी, रुशाल कराले और रूपेश मोरे शामिल हैं। नाटक प्रतियोगिता के अलावा, एक सांस्कृतिक रैली का आयोजन किया गया, जहां मध्य रेलवे ने अपनी विविध प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया उनके लाइव पेंटिंग प्रदर्शन की बहुत सराहना की गई और इसने एनसीआर के महाप्रबंधक का ध्यान आकर्षित किया, जिन्होंने उनकी असाधारण कलात्मक प्रतिभा को मान्यता देते हुए उन्हें 11,000 रुपये का नकद पुरस्कार दिया। मध्य रेल सांस्कृतिक अकादमी (सीआरसीए) जो मध्य रेल पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए नोडल संगठन है, मंडल स्तर पर प्रतियोगिताओं का आयोजन करती है और विजेताओं को क्षेत्रीय स्तर पर मध्य रेल का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना जाता है। मध्य रेल के महाप्रबंधक और सीआरसीए के संरक्षक श्री धर्म वीर मीना ने सीआर टीम को बधाई दी और उन्हें इस तरह के शानदार प्रदर्शन करते रहने के लिए प्रेरित किया। मध्य रेल के प्रधान मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधक और सीआरसीए के अध्यक्ष श्री अरविंद मलखेड़े ने कलाकारों और टीम के प्रदर्शन की सराहना की और वांछित परिणाम प्राप्त करने में टीम वर्क के महत्व पर प्रकाश डाला। अंतर-रेलवे सांस्कृतिक प्रतियोगिता क्षेत्रीय स्तर पर एक वार्षिक कार्यक्रम है, जिसे नृत्य, नाटक और संगीत जैसे 3 भागों में आयोजित किया जाता है, जिसमें भारतीय रेलवे के सभी क्षेत्रों, कार्यशालाओं और उत्पादन इकाइयों से विभिन्न श्रेणियों में बड़ी संख्या में प्रतिभागी भाग लेते हैं। इसका उद्देश्य योग्य कर्मचारियों और उनके आश्रितों की खोज, प्रोत्साहन और पदोन्नति करना तथा उन्हें अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करना है।

# वयोवृद्ध भाजपा नेता 50 मिनट सोसायटी की लिफ्ट में अटके रहे

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे, पिरामल बैकुंठ में रहने वाले भाजपा के वरिष्ठ नेता ओमप्रकाश शर्मा अपने घर जाते समय अचानक लिफ्ट बंद होने से 50 मिनट उसी में अटके रहे। उस समय उनके साथ एक सरकारी अधिकारी भी थे। करीब 50 मिनट बाद लिफ्ट का दरवाजा खुलने पर उन्होंने राहत की सांस ली। भाजपा के वरिष्ठ नेता ओमप्रकाश शर्मा ( 73 ) जो मधुमेह से पीड़ित भी है वह एक अच्छा ब्रांड समझकर बालकुम ठाणे के पिरामल बैकुंठ की वियान इमारत में फ्लैट खरीदा। एक माह पहले ही उसमें रहने गए हैं। शाम करीब 6 बजे अपने घर जाते समय अचानक लिफ्ट बंद हो जाने से उसमें फंस गए। उस समय उनके साथ एक सरकारी अधिकारी भी थे जो उन्हें पहुंचाने गए थे। लिफ्ट में फंसने पर उन्हें घबराहट होने लगी। चक्कर आने जैसी स्थिति होने पर अधिकारी ने उन्हें लिफ्ट लेट जाने की सलाह दी। करीब 50 मिनट बाद लिफ्ट कर्मियों ने दरवाजा खोलकर उन्हें बाहर निकाला। इस घटना के बाद शर्मा ने बताया कि लिफ्ट बंद होने पर मुझे उसमें कैद होने की स्थिति में घबराहट और चक्कर आने की हालत बन गई। मधुमेह पीड़ित होने से उन्हें काफी परेशानी हुई लेकिन साथ रहे अधिकारी के सहयोग के चलते कुछ राहत मिल रही थी। लिफ्ट का दरवाजा खुलने के बाद सुरक्षित घर पहुंचने पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया। उन्होंने इस घटना की शिकायत ईमेल के जरिए बिल्डर के कार्यालय में भेज दिया है लेकिन कोई उत्तर नहीं आया है। इसकी जानकारी मिलने पर उनके करीबी लोगों ने कहा कि बड़े बिल्डरों की सोसायटियों के लिफ्ट खराब हो जाने की यह चिंताजनक घटना है। ऐसे में हृदय गति रुकने से जान भी जा सकती है। ऐसी घटनाओं को गंभीरता से लेने की जरूरत है। सुरक्षित घर में रहने के लिए लोग अपनी गढ़ी कमाई का करोड़ों रुपए देकर घर खरीदते हैं। सुरक्षा न मिले तो घोर चिंता की बात है।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में हल्दी कुंकु और होम मिनिस्टर कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**कार्यक्रम का आयोजन युवा शिवसैनिक और समाजसेवी यश लाजवंती अजय जाधव ने किया।**





भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अंबरनाथ. अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में महिलाओं के सम्मान और समाज में उनकी भूमिका को स्वीकार करते हुए युवा उपसेना अधिकारी और समाजसेवी यश लाजवंती अजय जाधव और वाई.जे.ग्रुप सामाजिक संस्था के सौजन्य से अंबरनाथ पश्चिम स्थित युवासेना जनसंपर्क कार्यालय में रंगारंग संगीतमय कार्यक्रम के रूप में हल्दी कुंकु और होम मिनिस्टर का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं ने खेल-कूद, नृत्य संगीत और मनोरंजक सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए इस दिन को मनाया। विजेता महिलाओं को यश जाधव की तरफ से पुरस्कार और उपहार प्रदान किए गए। लक्की ड्रॉ के माध्यम से प्रथम क्रमांक पर आने वाली महिला को एलईडी टीवी, द्वितीय क्रमांक पर रहने वाली महिला को कूलर और तीसरे स्थान पर मिक्सर प्रदान किया गया। महिलाओं के सम्मान में आयोजित हल्दी कुंकु कार्यक्रम के आयोजकों में युवासेना उपशहर अधिकारी यश जाधव, पूर्व नगरसेविका लाजवंती अजय जाधव, समाजसेविका रौशनी शेख, फारूख शेख, देवदत्त सर्वदे और वाई.जे.बॉस ग्रुप सामाजिक संस्था थे। कार्यक्रम में उपस्थिति दर्ज करने वाले अतिथियों में पूर्व नगरसेवक नासिर कुंजाली, युवा उद्योजक और भावी नगरसेवक उल्हासनगर मयूर लाहणी, इफ्तिखार खान, महजबीन खान, निशा शेख, गीता जायसवाल, सूफियान शेख, मयूर चलवादी के साथ स्थानीय नागरिक सैंकड़ों की संख्या में उपस्थित रहे।

फास्ट ट्रैक

# अंबरनाथ में नवनिर्मित सिविल कोर्ट की सड़क का उद्घाटन भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण ने किया

**सड़क निर्माण के लिए भूमि और संपूर्ण खर्च भाजपा नेता गुलाबराव करंजुले पाटिल ने किया।**

**स्थानीय विधायक डॉ बालाजी किणीकर भी उपस्थित रहे।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अंबरनाथ. अंबरनाथ पूर्व के चिखलोली परिसर में नवनिर्मित सिविल कोर्ट भवन को मुख्य सड़क से जोड़ने वाली 40 फिट चौड़ी सीमेंटेड सड़क का निर्माण भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व नगराध्यक्ष गुलाबराव करुंजले पाटिल ने अपनी निजी जमीन और स्वयं के खर्चे से किया है। सिविल कोर्ट की नवनिर्मित सड़क का लोकार्पण समारोह शनिवार 8 मार्च को भाजपा कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण के हाथों से किया गया। सिविल कोर्ट को जोड़ने वाली इस सड़क के बनने से अंबरनाथ तहसील सिविल कोर्ट, अनुसूचित जाति और नव बौद्ध बच्चों के लिए बन रहे सरकारी आवासीय स्कूल, छात्रावास तथा आदिवासी बस्ती में रहने वाले लोगों को मिलेगा। अंबरनाथ पूर्व के चिखलोली परिसर में कुछ समय पूर्व से तहसील स्तरीय अत्याधुनिक सिविल कोर्ट भवन का निर्माण पूरा हो चुका था लेकिन मुख्य सड़क से कोर्ट तक जाने के लिए कोई पक्का रास्ता नहीं था। अतः इसी कारण कोर्ट भवन में कार्यकलाप प्रारंभ नहीं हो पा रहा। इस समस्या के समाधान के लिए गुलाबराव करुंजले पाटिल ने स्थानीय विधायक डॉ.बालाजी किणीकर से परामर्श करके अपने निजी खर्चे पर इस सड़क का निर्माण करवाया। भाजपा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण ने इस उल्लेखनीय कार्य के लिए गुलाबराव करुंजले पाटिल की खुलकर प्रशंसा की। लोकार्पण समारोह में स्थानीय विधायक डॉ.बालाजी किणीकर, भाजपा जिला अध्यक्ष नरेंद्र सूर्यवंशी, कल्याण लोकसभा निरीक्षक शशिकांत कांबले, समाजसेवी और उद्योगपति विश्वजीत करंजुले पाटिल, महिला अध्यक्ष सुजाता भोईर, शहर भाजपा अध्यक्ष सजेर्राव माहुरकर और अन्य अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। भाजपा कल्याण जिला महासचिव अभिजीत करंजुले पाटिल ने कार्यक्रम की प्रस्तावना और आयोजना की तथा भाजपा महामंत्री दिलीप कणसे ने कार्यक्रम का संचालन किया।

# नारी सशक्तिकरण पर विशेष कार्यक्रम

**पीएमश्री स्कूल में माँ–बेटी मेला और कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम**

शाहजहांपुर, खुदागंज स्थित पीएमश्री विद्यालय में नारी सशक्तिकरण पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में माँ-बेटी मेला और कैरियर गाइडेंस सत्र शामिल थे। जिला पंचायत सदस्या श्रीमती सुमन सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने देवी सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला संयुक्तमंत्री और ब्लॉक अध्यक्ष संतोष सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। ब्लॉक महामंत्री भुवनेश गंगवार, प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद सिंह और एसएमसी उपाध्यक्षा कांति देवी भी मौजूद थीं। विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना से कार्यक्रम की शुरूआत की। उन्होंने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। एआरपी दिनेश सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि नारी शिक्षा से ही राष्ट्र का विकास संभव है।

# स्वच्छ नवी मुंबई के लिए 2200 से अधिक महिलाओं ने मिनी मैराथन में लगाई दौड़

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



नवी मुंबई ,अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर, नवी मुंबई मनपा के सहयोग से डॉ. डीवाई पाटिल डीम्ड यूनिवर्सिटी ऑफ हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म स्टडीज द्वारा आयोजित महिला मिनी मैराथन में विभिन्न उम्र की 2200 से अधिक महिलाओं ने दौड़ में भाग लिया। 'रन फॉर क्लीन नवी मुंबई' का संदेश फैलाने के उद्देश्य से डॉ. डीवाई पाटिल डीम्ड यूनिवर्सिटी ऑफ हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म स्टडीज की ओर से उपाध्यक्ष डॉ. विजय पाटिल, उपाध्यक्ष डॉ. शिवानी पाटिल और डीवाई पाटिल क्लाइमेट एक्शन लैब की प्रमुख श्री राजलक्ष्मी पाटिल की ओर से मिनी मैराथन का आयोजन किया गया था। नवी मुंबई शहर में स्वच्छता का संदेश फैलाने के उद्देश्य से इस गतिविधि में का सहयोग प्राप्त करने के लिए आयोजकों द्वारा किए गए अनुरोध के अनुसार मनपा आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे ने इस पहल को मंजूरी दी और अतिरिक्त आयुक्त सुनील पवार और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विभाग के उपायुक्त डॉ. अजय गड्डे के नियंत्रण में मनपा ने इस गतिविधि में सहयोग किया। महिला मिनी मैराथन डीवाई पाटिल स्टेडियम के मुख्य द्वार से शुरू हुई। राष्ट्रीय अर्जुन पुरस्कार विजेता नगर खेल विभाग के उपायुक्त अभिलाषा म्हात्रे पाटिल ने हरी झंडी दिखाकर महिला मैराथन का शुभारंभ किया। महिलाओं की मिनी मैराथन का खिताब दामिनी पेडनेकर ने जीता। प्रथम स्थान प्रतिमा नसरत्ना और तृतीय स्थान सुजाता माने ने जीता। 5 कि.मी स्वच्छता का संदेश फैलाने के लिए अंतर की थीम भरारी' के तहत आयोजित इस महिला मिनी मैराथन में विभिन्न आयु वर्ग की 2200 से अधिक महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वस्थ जीवन के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

# आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं के लिए संपूर्ण स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे ( युनिस खान ) सर्वाइकल कैंसर महिलाओं के लिए एक चुनौती बनता जा रहा है। इसलिए आरोग्य भारती और स्वयं महिला मंडल के सहयोग से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की महिलाओं के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। आपके द्वार पर आरोग्य गंगा इस स्वास्थ्य पहल का उद्देश्य है। महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरुकता पैदा की जाएगी। वरिष्ठ आयुर्वेद स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ मधुरा कुलकर्णी ने यह जानकारी दी है। एचपीवी वैक्सीन 9 साल और उससे अधिक उम्र की लड़कियों को दी जाती है। मस्से, योनि, गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर को रोका जा सकता है। महिलाओं को आईवीएफ के स्वास्थ्य और स्वच्छता के बारे में शिक्षित किया जाएगा और इन जांचों के बारे में प्रेरित किया जाएगा। डॉ कुलकर्णी ने कहा कि गर्भाशय महिला का दिमाग होता है। गर्भ में मन की कई बातें प्रभावित होती हैं। अगर गर्भाशय का स्वास्थ्य बेहतर होगा तो महिला के दिमाग का स्वास्थ्य भी बेहतर होगा। इसलिए समग्र उत्तम स्वास्थ्य पर ध्यान दिया जाएगा। यदि महिलाएं स्वास्थ्य के प्रति शिक्षित होंगी तो परिवार स्वस्थ रहेगा और पूरा समाज स्वास्थ्य पर ध्यान देगा। ये कैंप स्कूल, कॉलेजों के साथ झुग्गी-झोपड़ियों, चालियों जैसी जगहों पर लगाए जाएंगे। इसके लिए डॉक्टरों की एक ब्रिगेड बनाई जाएगी। इस जांच के बारे में डॉक्टरों को भी सिखाया जाएगा। एक वर्ष तक प्रति माह 12 कार्यक्रम और प्रति माह 40 महिलाओं की स्क्रीनिंग और 3000 महिलाओं के बीच



कुल जागरूकता। डॉ मधुरा को इस बात का भी मलाल है कि महिलाएं अपनी गंभीर बीमारियों को छिपाती हैं। इस अवसर पर स्वयं महिला मंडल की अध्यक्ष योगिता सालवी, डी वाई पाटिल आयुर्वेदिक महिला विभाग की प्रमुख एवं आरोग्य भारती की कार्यकारिणी सदस्य प्रो. डॉ दिव्या रामुगड़े, कार्यकारी सदस्य डॉ. रूपाली जोशी, डॉ. रेखा अवारी, डॉ. नीलेश्वरी वानखेड़े, डॉ. मेघना जोशी एवं अन्य उपस्थित थे।

# महिला दिवस पर मुंबई कांग्रेस द्वारा महिलाओं का सम्मान





भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई ( युनिस खान ) अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर ईशान्य मुंबई कांग्रेस द्वारा महिलाओ के सम्मान में एक कार्यक्रम राकेश राघवन ,उपाध्यक्ष ई.मु.जिला कांग्रेस द्वारा मुलुंड महिला कांग्रेस अध्यक्ष नीता बेन जोशी के सहयोग से मुलुंड प. में आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रमुख अतिथि के रूप में मुंबई कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष चरण सिंह सप्रा, उपाध्यक्ष गोविंद सिंह, मा.उपाध्यक्ष डॉ.बाबूलाल सिंह, महासचिव सुनील गंगवानी, सचिव किशोर मुंडेकल, अब्राहम राय मणी( अध्यक्ष जिला कांग्रेस ), उत्तम गीते (कार्याध्यक्ष), लाजवंती शेट्टी महिला जिलाध्यक्ष, कैलाश पाटील, धर्मेश सोनी, संतोष सोनावणे, राजन भोसले, ब्लाक अध्यक्ष अरविंद यादव, विठ्ठल सातपुते, राजन उटवाल उपस्थित रहे। इस अवसर पर सोनम केवट( अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त योग साधिका, कराटे ब्लैक बेल्ट, लेखिका ), श्रीमती जयबाला सिंह, बबीता गुप्ता, अश्विनी पोचे, शारदा जगताप, मनीषा सोनावणे, पुजा सातपुते, निर्मलासोनावणे, शुभांगी वैती, मीना सोलिया का *प्रियंका गांधी स्मृति चिन्ह, शाल प्रदान कर अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। सोनम केवट द्वारा लिखित पुस्तक काव्य संग्रह शक्ति ( द पेन आफ शिवा ) नेताओ को समर्पित किया। महिलाओ के लिये विविध, गेम्स एवम सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

# बदलापुर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में सी.एम.कप शतरंज टूनार्मेंट का भव्य आयोजन।



- **शतरंज टूनार्मेंट का उद्घाटन विधायक किसन कथोरे और आयोजन पूर्व नगरसेवक किरण भोईर ने किया।**
- **प्रतियोगिता में राज्यभर से 400 शतरंज खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

बदलापुर. अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में कुलगांव-बदलापुर नगरपालिका के भाजपा के पूर्व नगरसेवक किरण भोईर और रचना भोईर के सौजन्य से बदलापुर पश्चिम स्थित गौरी हॉल में शनिवार 8 मार्च को एक दिवसीय सी.एम.( देवेंद्र फडणवीस ) कप शतरंज टूनार्मेंट का भव्य आयोजन किया गया। ठाणे जिला शतरंज एसोसिएशन की मान्यता और पूर्व नगरसेवक किरण भोईर की तरफ से आयोजित इस राज्य स्तरीय शतरंज टूनार्मेंट का उद्घाटन मुरबाड़ विधायक किसन कथोरे के कर कमलों द्वारा किया गया। इस टूनार्मेंट में ठाणे जिले के साथ साथ राज्य के अन्य जिलों से भी लगभग 400 सौ से भी अधिक विभिन्न आयु वर्ग के प्रतियोगियों ने भाग लिया।

उद्घाटन अवसर पर बोलते हुए स्थानीय विधायक किसन कथोरे ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि शतरंज टूनार्मेंट के माध्यम से शतरंज के योग्य खिलाड़ी तैयार होंगे। शतरंज टूनार्मेंट में आयोजक किरण भोईर और रचना भोईर के साथ गणमान्य लोगों में कुलगांव बदलापुर नपा के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र घोरपड़े, भाजपा शहर अध्यक्ष शरद तेली, संजय भोईर, श्रीधर पाटिल, संभाजी शिंदे, शंकर भोईर, नपा मुख्याधिकारी मारुति गायकवाड़ और नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सीएम कप शतरंज टूनार्मेंट के आयोजक किरण भोईर ने स्थानीय पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बदलापुर में शतरंज के योग्य खिलाड़ी तैयार करने की दिशा में पहल करना और उभरते हुए खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धी मंच प्रदान करना था।

विभिन्न श्रेणी में विजेता खिलाड़ियों की सूची

टॉप 15 खिलाड़ियों की श्रेणी में

1. रियांश संदीप बोरान्टे 2500 रुपए और ट्रॉफी
2. जयेश सुमित अग्रवाल 1500 रुपए और ट्रॉफी
3. लसरादो एडन 1000 रुपए और ट्रॉफी

गर्ल्स ग्रुप

1. कृशिका गणेश धूरे 1000 रुपए और ट्रॉफी
2. .गार्गी देवीदास लोभी 700 रुपए और ट्रॉफी
3. माही प्रवीण नाडकर्णी 500 रुपए और ट्रॉफी

# आओ पैठणी खेल खेलें कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं हुई शामिल

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे , महिला दिवस के अवसर पर पांचखाड़ी के रायगढ़ गली में भाजपा के पूर्व नगर सेवक नारायण पवार और युवा नेता आदित्य पवार द्वारा आयोजित आओ खेल खेलें पैठणी का खेल कार्यक्रम सैकड़ों महिलाओं ने हिस्सा लिया। महिलाओं ने नए-नए इनोवेटिव गेम खेलकर आनंद उठाया। पूर्व नगर सेवक पवार की ओर से हर साल महिला दिवस के मौके पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। उसी परंपरा के अनुरूप इस वर्ष भी 'आओ खेल खेलें कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रथम विजेता के लिए एक सोने की नथ और पैठणी, दूसरे स्थान के लिए एक चांदी की पायल और पैठणी, तीसरे स्थान के लिए एक चांदी की अंगूठी और पैठणी, लकी ड्रा के माध्यम से एक पैठणी और खेल में भाग लेने वाली प्रत्येक महिला के लिए एक उपहार था। युवतियों से लेकर बुजुर्ग महिलाएं तक नए-नए गेम खेलने में मशगूल रहीं। प्रभाग क्रमांक 12 के कार्यक्रम में पांचपखाड़ी, रायगढ़ गली सहित शहर की सैकड़ों महिलाएं शामिल हुई। इस कार्यक्रम में शिवसेना सांसद नरेश म्हस्के, भाजपा विधायक संजय केलकर, विधायक निरंजन डावखरे, जिला अध्यक्ष संजय वाघुले और गणमान्य लोगों ने पहुंचकर शुभकामनाएं दीं। भाजपा शहर सचिव किशोर गुनीजन, प्रदीप दलवी ने कार्यकताओं के साथ कार्यक्रम की योजना बनाई। हर साल महिला दिवस के मौके पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। उसी परंपरा के अनुरूप इस वर्ष भी आओ खेल खेलें कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर ग्रामसभा टिकरी की प्रधान को डी एम ने किया सम्मानित

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रतापगढ़ ( उप्र ), अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ग्राम सभा भदोही के पंचायत भवन में आयोजित महिला सम्मान समारोह में टिकरी ग्राम सभा में उत्कृष्ट कार्य के लिए टिकरी ग्राम सभा की प्रधान श्रीमती अनारकली पत्नी चंद्रशेखर पटेल को जिला अधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मान्धाता, ग्राम सभा टिकरी प्रधान की सराहनीय सोच और विकास परख दूरदृष्टी ने ग्राम सभा टिकरी में अभूतपूर्व विकास कार्य हुए हैं ग्राम सभा टिकरी इन अपने बेहतरीन विकास कार्य को लेकर चर्चा में है, इंटर लाकिंग, सड़क, खड़ंजा, नाली, कूड़ा घर और अंत्येष्टि स्थल, प्राथमिक विद्यालय टिकरी, पंचायत भवन, आंगनवाड़ी केंद्र, साधन सहकारी समिति आदि की बाउंड्री वॉल निर्माण जैसे तमाम गुणवत्तापूर्ण विकास कार्य विकास की गवाही दे रहे हैं। ग्राम सभा प्रधान द्वारा गरीब जरूरतमंद पात्र लोगों को आवास, शौचालय और विधवा, वृद्ध और विकलांग पेंशन पर गंभीरता से काम कर रहे हैं, संचारी रोग नियंत्रण अभियान जैसे सराहनीय कार्य को लेकर ग्राम सभा टिकरी चर्चा में रहा है। इस समारोह का संचालन प्रधान संघ अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह ( बबऊ ) ने किया। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह में डीपीआरओ , प्रभारी एडीओ पंचायत काशी नाथ, सेक्रेटरी ओमप्रकाश, सहित मान्धाता ब्लाक के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह में भदोही ग्राम सभा की प्रधान नीरजा सिंह और मदई पुर की प्रधान स्वलेहा खातून सहित 17 महिलाओं को सम्मानित किया गया। टिकरी के लोगों ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह पर सम्मानित किए जाने पर खुशी व्यक्त करते हुए बधाई दी और कहा कि ग्राम सभा टिकरी में सराहनीय विकास कार्य हुए हैं टिकरी विकास की ओर चल पड़ा है। ग्राम सभा के लोगों का कहना है कि प्रधान की विकास परख सोच ने ग्राम सभा में विकास कार्य को गति प्रदान की है दिन ब दिन टिकरी में विकास कार्य अपनी रफ़्तार पकड़ता जा रहा है। ग्राम सभा टिकरी के लोगों ने बताया कि प्रधान पति चंद्र शेखर पटेल ग्राम सभा टिकरी के लोगों के बीच लगातार बने रहते हुए गरीब, जरूरतमंद की मदद करते रहते हैं और शिक्षा को लेकर हमेशा बच्चों के उत्साहवर्धन करने के साथ साथ सहयोग भी करते रहते हैं।

# बदलापुर में 16 मार्च को शाडू मिट्टी से गणेश जी की मूर्ति निर्माण का भव्य प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है

- **प्रशिक्षण का आयोजन स्कूली बच्चों के लिए श्री गणेश मूर्तिकार सेवा संस्था की ओर से किया जा रहा है।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




बदलापुर. बदलापुर के गांधी चौक स्थित मराठी माध्यम के विद्यालय में श्री गणेश मूर्तिकार सेवा संस्था की ओर से रविवार 16 मार्च को प्रातः 9 बजे से सायंकाल 6 बजे तक एक दिवसीय शाडू मिट्टी ( प्राकृतिक मिट्टी जिसका निर्माण मूर्तियों को बनाने में किया जाता है ) से भगवान श्री गणेश जी की मूर्तियों को बनाने का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। संस्था के अध्यक्ष उल्हास आंबवने ने इस प्रशिक्षण शिविर के विषय में बताते हुए कहा कि कक्षा 5 वीं से 9 वीं के विद्यार्थियों के लिए शाडू मिट्टी से गणेश जी की मूर्तियों के निर्माण का प्रशिक्षण शिविर 16 मार्च को लगाया जा रहा है जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को अपने हाथों से प्राकृतिक रूप से सुरक्षित मूर्तियों के निर्माण में प्रशिक्षण देना है और भविष्य के लिए मूर्तिकारों को निर्मित करना है। इसमें लगने वाली आवश्यक सामग्री संस्था की तरफ से प्रदान की जाएगी और इस प्रशिक्षण शिविर में लगभग 800 विद्यार्थियों के शामिल होने की संभावना है। इस शिविर के माध्यम से योग्य और कुशल मूर्तिकार बच्चों को भविष्य के तैयार करना है और ऐसे श्रेष्ठ बच्चों को संस्था आगे बढ़ाने में पूर्ण सहायता प्रदान करेगी। प्रशिक्षण शिविर के लिए आयोजित पत्रकार परिषद में संस्थान के उपाध्यक्ष सदाशिव मोसेकर, सचिव वैभव काले और अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

# अमेरिका के कैलिफोर्निया में मंदिर में तोड़फोड़, हिंदू-विरोधी नारे लिखे


## सात महीने पहले भी कैलिफोर्निया के मंदिर में अभद्र नारे लिखे गए थे

एजेंसी

वॉशिंगटन, अमेरिका के कैलिफोर्निया में एक हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ की गई और उस पर आपत्तिजनक नारे लिखे गए। ये घटना चिनो हिल्स इलाके में हुई। इसकी जो तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की गई हैं, उनमें 'मोदी-हिंदुस्तान मुदार्बाद' जैसे स्लोगन और पीएम मोदी के लिए अभद्र भाषा लिखी दिखाई दे रही है। मंदिर बनवाने वाली संस्था बीएपीएस अमेरिका ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर घटना की जानकारी शेयर की। सात महीने पहले सितंबर में भी कैलिफोर्निया के सैक्रामेंटो में श्री स्वामीनारायण मंदिर में इस तरह की घटना हुई थी।

### भारतीय विदेश मंत्रालय ने घटना की निंदा की

भारत के विदेश मंत्रालय ने इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा की है। मंत्रालय ने एक बयान जारी करके कहा




कि हम स्थानीय लॉ अथॉरिटीज से अपील करते हैं कि वे आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करेंगे। साथ ही पूजा की जगहों पर पर्याप्त सुरक्षा का इंतजाम करेंगे।

### हिंदू संगठन बोला- खालिस्तान जनमत संग्रह से पहले हुई घटना

अमेरिकी हिंदू संगठन सीओएचएनए ने भी इस घटना की निंदा की है। संस्था ने कहा कि एक बार फिर हिंदू मंदिर को तोड़ा गया। यह बस एक आम दिन है, जब मीडिया और अकादमिक जगत यह मानने से इनकार करेगा कि हिंदू विरोधी नफरत मौजूद है और #हिंदूफोबिया को सिर्फ हमारी कल्पना बताया जाएगा। इसमें भी कोई हैरानी नहीं है कि ऐसा तब हो रहा है, जब लॉस एंजिलिस में खालिस्तान जनमत संग्रह का दिन नजदीक आ रहा है। सीओएचएनए ने ये भी बताया कि 2022 से अब तक अमेरिका के अलग-अलग राज्यों में कम से कम 10 मंदिरों में हिंदुओं के लिए अभद्र भाषा लिखी गई।

### स्वामीनारायण संस्था ने दुनियाभर में 1000 से ज्यादा मंदिर बनवाए

बीएपीएस स्वामीनारायण संस्था ने दुनियाभर में 1000 से भी ज्यादा मंदिर बनवाए हैं। बीएपीएस का पूरा नाम बोचासनवासी श्री अक्षर पुरषोत्तम स्वामीनारायण संस्था है। इस संस्था के बनाए प्रमुख मंदिर ये हैं... कैलिफोर्निया में खालिस्तान आंदोलन के समर्थक खालिस्तानी रेफरेंडम यानी जनमत संग्रह का आयोजन करा रहे हैं। यह आंदोलन भारत के पंजाब राज्य से अलग एक स्वतंत्र सिख राज्य की मांग करता है। इस रेफरेंडम का मकसद ग्लोबल स्तर पर खालिस्तान के समर्थन को बढ़ावा देना है। बीते कुछ वर्षों में खालिस्तान समर्थकों ने कई देशों में ऐसे जनमत संग्रह आयोजित किए हैं, जिनमें ब्रिटेन, कनाडा, और अमेरिका शामिल हैं। ये आयोजन अक्सर विवादास्पद होते हैं और भारत सरकार इनकी निंदा करती है, क्योंकि वे भारत की एकता और अखंडता को चुनौती देते हैं।

# फिलिस्तीन समर्थकों ने ट्रम्प के गोल्फ कोर्स में तोड़फोड़ की

## रिसॉर्ट की दीवारों पर ट्रम्प के लिए गालियां और फ्री गाजा जैसे नारे लिखे

एजेंसी

लंदन, फिलिस्तीन समर्थकों ने शनिवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के स्कॉटलैंड वाले गोल्फ रिसॉर्ट पर तोड़फोड़ की। ये तोड़फोड़ ट्रम्प के गाजा पर कब्जे करके उसे दोबारा बसाने के बयान को लेकर की गई।

फिलिस्तीन एक्शन नाम के समूह ने रिसोर्ट की दीवारों पर लाल रंग से ट्रम्प के लिए गालियां और गाजा के समर्थन में 'फ्री गाजा' 'फ्री फिलिस्तीन' नारे लिखे। इसके अलावा गोल्फ कोर्स की हरी घास पर लाल रंग से 'गाजा बेचने के लिए नहीं है' लिखा। गोल्फ कोर्स में



गड्ढे भी किए। समूह ने रिसोर्ट की खिड़कियां और कई लाइट्स भी तोड़ दीं।

इस ग्रुप ने एक्स पोस्ट में लिखा, 'फिलिस्तीन एक्शन ग्रुप आज ब्रिटेन के सबसे महंगे गोल्फ कोर्स पहुंचा। ये ट्रम्प का टर्नबेरी गोल्फ रिसॉर्ट है। ऐसे समय में जब अमेरिकी प्रशासन इजराइल को हथियार दे रहा है और गाजा में जातीय नरसंहार की योजना बना रहा है, आम लोग शांत नहीं बैठ सकते हैं।' ट्रम्प ने पिछले महीने गाजा पर कंट्रोल करने की बात कही थी। उन्होंने कहा कि वे चाहते हैं कि फिलिस्तीनियों को गाजा से निकालकर मिस्र और जॉर्डन भेजा जाए और गाजा का फिर से निर्माण किया जाए। ट्रम्प ने कहा कि संघर्ष के अंत में इजराइल, गाजा पट्टी को अमेरिका के हवाले कर देगा। अमेरिका, गाजा में विकास करेगा और यहां शानदार घर बनाएगा। इसके लिए वहां पर अमेरिकी सैनिकों की जरूरत नहीं होगी। ट्रम्प की घोषणा के बाद इजराइल के रक्षा मंत्री काट्ज ने कहा कि उन्होंने सेना को इससे जुड़ा प्लान तैयार करने को कहा है। जो गाजावासी खुद ही गाजा छोड़ना चाहते हैं, इजराइली सेना उनकी मदद करेगी। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ट्रम्प के बयान का समर्थन किया और कहा कि यह काबिलेतारीफ है। नेतन्याहू ने फॉक्स न्यूज को दिए इंटरव्यू में कहा कि गाजा को लेकर यह सबसे अच्छा आइडिया है, जो उन्होंने सुना है। इसे लागू किया जाना चाहिए। इससे सभी को फायदा पहुंचेगा।

# कुलभूषण जाधव को अगवा कराने वाला मुफ्ती मारा गया

## बलूचिस्तान में अज्ञात हमलावरों ने गोली मारी; जाधव को पकड़वाने में आईएसआई की मदद की थी

एजेंसी

क्वेटा, भारतीय नौसेना के पूर्व अधिकारी कुलभूषण जाधव को अगवा कराने में मदद करने वाले मुफ्ती शाह मीर की पाकिस्तान के बलूचिस्तान में मौत हो गई है। उसे शुक्रवार रात अज्ञात बंदूकधारियों ने गोली मार दी। मुफ्ती मीर ने ईरान से कुलभूषण जाधव को अगवा करने में पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई की मदद की थी। शुक्रवार रात को नमाज के बाद वह मस्जिद से बाहर निकल रहा था। तभी बाइक सवार हमलावरों ने घात लगाकर उस पर हमला कर दिया और कई बार गोली मारी। पाकिस्तानी अखबार डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक गोली लगने के बाद उसे अस्पताल ले जाया गया था, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। ह्यूमन ट्रेफिकिंग (मानव तस्करी) और हथियारों की तस्करी में शामिल मुफ्ती मीर इस्लामिक कट्टरपंथी पार्टी जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम का मेंबर था। पाकिस्तान ने जाधव को जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया पाकिस्तानी सेना 3 मार्च 2016 को बताया कि उसने कुलभूषण जाधव को बलूचिस्तान प्रांत से गिरफ्तार किया गया। पाकिस्तान ने उन पर जासूसी और देशविरोधी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगाया। पाकिस्तान ने एक वीडियो जारी किया, जिसमें जाधव ने कथित



मुफ्ती शाह मीर

तौर पर स्वीकार किया कि वह भारतीय खुफिया एजेंसी आरएडब्ल्यू के लिए काम कर रहे थे और बलूचिस्तान तथा कराची में अस्थिरता फैलाने में शामिल थे। हालांकि, भारत ने इसे खारिज कर दिया और इसे जबरन लिया गया बयान बताया। भारत ने कहा कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसियों ने जाधव को ईरान से अगवा किया। जाधव रिटायरमेंट के बाद ईरान में बिजनेस कर रहे थे। जाधव पर पाकिस्तान की सैन्य अदालत में मुकदमा चलाया गया। 10 अप्रैल 2017 को सैन्य अदालत ने उन्हें जासूसी, आतंकवाद और देशविरोधी गतिविधियों के आरोप में मौत की सजा सुनाई। भारत ने इस फैसले की कड़ी निंदा की और मामले में पारदर्शिता नहीं बरतने का आरोप लगाया। मई 2017 में, भारत ने अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) का रुख किया और पाकिस्तान पर वियना संधि के उल्लंघन का आरोप लगाया। भारत ने तर्क दिया कि जाधव को निष्पक्ष सुनवाई नहीं दी गई और उनके अधिकारों का उल्लंघन किया गया। आईसीजे ने जाधव की फांसी पर रोक लगाते हुए अंतिम निर्णय तक उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने का आदेश दिया। जुलाई 2019 में, आईसीजे ने भारत के पक्ष में फैसला सुनाया और पाकिस्तान को निर्देश दिया कि वह जाधव की सजा पर पुनर्विचार करे। तब से अब तक पाकिस्तान ने इस पर कोई फैसला नहीं लिया है।

# 6 महीने में 3 हजार अवैध श्रीलंकाई भारत में घुसे

## दक्षिणी राज्यों में बसे, कई कनाडा भेजे गए; सिंडिकेट चलाने वाले का नाम इमरान हज्जियार

एजेंसी

नई दिल्ली, खुफिया एजेंसियों को श्रीलंका से भारत में घुसपैठ के नए सबूत मिले हैं। खुफिया एजेंसियों ने मानव तस्करी करने वाले गिरोह के कुछ फोन कॉल इंटरसेप्ट कर गिरफ्तारी भी की है। नेशनल इंवेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) और तमिलनाडु एटीएस की पड़ताल से पता चला है कि पिछले 6 महीने के दौरान 3 हजार से ज्यादा श्रीलंकाई अवैध रूप से भारत में घुसपैठ कर चुके हैं। श्रीलंका के लोगों को दक्षिण भारतीय राज्य




कर्नाटक और तमिलनाडु में बसाया जा रहा है। मानव तस्करी रैकेट के सरगना से पूछताछ में पता चला कि कुछ मामलों में भारत को डंकी रूट बनाया गया है। श्रीलंका के लोगों को फर्जी पहचान देकर कनाडा भी भेजा जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि मानव तस्करी के इस सिंडिकेट को श्रीलंका से इमरान हज्जियार चला रहा है। भारत में इस मानव तस्करी के गैंग के सरगना मोहम्मद इब्राहिम को 28 फरवरी को गिरफ्तार किया जा चुका है। कनाडा जाने के लिए भारतीय बताने से फायदा कनाडा का वीसा पाने के लिए श्रीलंका प्रेफरेंस (वरीयता) कंट्री की लिस्ट में नहीं है। ऐसे में श्रीलंकाई वहां जाने के लिए खुद को भारतीय बताते हैं। इसके लिए भारत के डंकी रूट का इस्तेमाल करते हैं। मानव तस्कर इन लोगों को भारतीय दस्तावेज मुहैया कराते हैं। इससे इनकी भारतीय नागरिकता पुख्ता हो जाती है। फिर श्रीलंका के ये लोग कनाडा में स्टडी वीसा या फर्जी वर्क परमिट हासिल कर लेते हैं। मृतकों के आधार कार्ड से फर्जी पहचान दे रहे चेन्नई एटीएस ने कुछ श्रीलंकाई नागरिकों को जब पकड़ा तो पता चला कि उनके पास भारतीय नागरिकता से जुड़े सभी दस्तावेज तो थे, लेकिन जांच में ये फर्जी मिले। मानव तस्करों ने इनमें से कुछ को मरे हुए लोगों की पहचान दे रखी थी। मृत लोगों के आधार कार्ड को अपडेट कर उनमें फोटो बदल दी गई थी।

# एक परिवार के तीन लोगों की हत्या, उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने पारदर्शी जांच के आदेश दिए



एजेंसी


जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले की बिलावर तहसील के एक सुदूर इलाके में एक परिवार के तीन लोगों की हत्या के मामले में उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने विस्तृत और पारदर्शी जांच के आदेश दे दिए हैं। पुलिस के मुताबिक, 15 वर्षीय वरुण सिंह और उसके 32 वर्षीय चाचा योगेश सिंह, तथा 40 वर्षीय दर्शन सिंह के शव शनिवार को जिले के सुदूर मल्हार इलाके के इशु नाले से बरामद हुए। तीनों 5 मार्च को लापता हो गए थे। उपराज्यपाल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मैंने विस्तृत और पारदर्शी जांच के आदेश दिए हैं और परिवारों को सभी आवश्यक सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि वह तीनों की नृशंस हत्या से स्तब्ध और दुखी हैं। सिन्हा ने कहा, मैं लोगों को आश्वासन देता हूं कि अपराधियों को जल्द से जल्द न्याय के कठघरे में लाया जाएगा। न्याय होगा और जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने मृतकों के परिजनों और दोस्तों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले की बिलावर तहसील के एक सुदूर इलाके में तीन नागरिकों की हत्या में रविवार को आतंकवादियों की संलिप्तता की ओर इशारा किया।

**उपराज्यपाल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मैंने विस्तृत और पारदर्शी जांच के आदेश दिए हैं और परिवारों को सभी आवश्यक सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि वह तीनों की नृशंस हत्या से स्तब्ध और दुखी हैं। सिन्हा ने कहा, मैं लोगों को आश्वासन देता हूं कि अपराधियों को जल्द से जल्द न्याय के कठघरे में लाया जाएगा। न्याय होगा और जवाबदेही तय की जाएगी।**

उधमपुर संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले मंत्री ने एक्स पर कहा, कठुआ जिले के बानी इलाके में आतंकवादियों द्वारा तीन लोगों की नृशंस हत्या बेहद दुखद और चिंताजनक है। एक शांतिपूर्ण क्षेत्र में माहौल खराब करने के पीछे कोई गहरी साजिश नजर आ रही है। उन्होंने कहा, हमने इस मामले पर संबंधित अधिकारियों से चर्चा की है। केंद्रीय गृह सचिव खुद जम्मू पहुंच रहे हैं, ताकि मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लिया जा सके। मुझे पूरा विश्वास है कि यह सुनिश्चित किया जाएगा कि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों और लोगों का विश्वास मजबूत बना रहे। अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन यहां एक बैठक में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा कर रहे हैं। जम्मू-कश्मीर के उपमुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी ने हत्याओं पर शोक व्यक्त किया और कहा, बढ़ते अपराध चिंता का विषय हैं।

# प्रधानमंत्री मोदी ने चुनावी परिदृश्य में सत्ता विरोध को सत्ता समर्थन में बदला : जेपी नड्डा

**भाजपा प्रमुख यहां स्वामी विवेकानंद मैदान में राज्य सरकार के दूसरे कार्यकाल की दूसरी वर्षगांठ के अवसर पर एक रैली को संबोधित कर रहे थे। नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने त्रिपुरा के विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी है।**



एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चुनावी परिदृश्य में सत्ता विरोधी भावना को सत्ता समर्थक भावना में बदलकर देश की राजनीतिक संस्कृति को बदल दिया है। नड्डा ने यहां एक रैली को संबोधित करते हुए पिछले तीन लोकसभा चुनावों के दौरान भाजपा के पक्ष में बढ़ते मत प्रतिशत का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, अब मोदी ने सत्ता विरोधी भावना को सत्ता समर्थक भावना में बदलकर देश की राजनीतिक संस्कृति को बदल दिया है। सत्ता समर्थक भावना का मतलब है कि लोग खुश हैं और चाहते हैं कि मोदी बार-बार जीतें। नड्डा ने कहा, भाजपा को 2014 लोकसभा चुनाव में 17 करोड़ वोट (31.30 प्रतिशत) मिले थे, जो 2019 में बढ़कर 22 करोड़ (36.7 प्रतिशत) हो गये। पिछले लोकसभा चुनाव (2024) में यह आंकड़ा करीब 24 करोड़ वोट (37 प्रतिशत) था। लोग हर बार मोदी जी को अधिक मतों से आशीर्वाद दे रहे हैं।

भाजपा प्रमुख यहां स्वामी विवेकानंद मैदान में राज्य सरकार के दूसरे कार्यकाल की दूसरी वर्षगांठ के अवसर पर एक रैली को संबोधित कर रहे थे। नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने त्रिपुरा के विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी है। उन्होंने कहा कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार की तुलना में मोदी काल में कर हस्तांतरण में पांच गुना वृद्धि हुई है। नड्डा ने कहा, संप्रग सरकार के दौरान त्रिपुरा को कर के रूप में 9,000 करोड़ रुपये मिलते थे जो बढ़कर 46,500 करोड़ रुपये हो गए हैं। इसी तरह, अनुदान सहायता जो संप्रग सरकार के समय 31,000 करोड़ रुपये थी, वह बढ़कर 54,000 करोड़ रुपये हो गई है। नड्डा ने अगले दो वर्षों में त्रिपुरा के चार रेलवे स्टेशनों अगरतला, उदयपुर, धर्मनगर और कुमारघाट के आधुनिकीकरण की भी घोषणा की। उन्होंने प्रशासन में डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने के लिए भाजपा नीत सरकार की सराहना की। नड्डा ने कहा, त्रिपुरा ने डिजिटलीकरण को अपनाया है और 29 लाख सरकारी फाइलों का डिजिटलीकरण किया गया है।

# विधायक राजा भैया के खिलाफ दिल्ली में घरेलू हिंसा का मुकदमा दर्ज

**पुलिस ने बताया कि शिकायतकर्ता ने शुरू में अपनी शादी को बचाने के लिए कानूनी कार्रवाई से परहेज किया, लेकिन उत्पीड़न जारी रहने पर उसने आगे आने का फैसला किया।**



एजेंसी

उत्तर प्रदेश के कुंडा से विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया के खिलाफ उनकी पत्नी भानवी सिंह की शिकायत के आधार पर घरेलू हिंसा का मामला दर्ज किया गया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि राजा भैया के खिलाफ सात मार्च को दिल्ली के सफदरजंग एन्क्लेव पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस के मुताबिक भानवी ने अपनी शिकायत में रघुराज पर कई साल तक शारीरिक और मानसिक शोषण करने का आरोप लगाया है। उसने बताया कि पति-पत्नी विगत कई सालों से अलग-अलग रह रहे हैं। पुलिस के मुताबिक भानवी ने अपनी सास सहित ससुराल वालों पर भी उत्पीड़न का आरोप लगाया है। पुलिस ने बताया कि शिकायतकर्ता ने शुरू में अपनी शादी को बचाने के लिए कानूनी कार्रवाई से परहेज किया, लेकिन उत्पीड़न जारी रहने पर उसने आगे आने का फैसला किया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है

# न्यायालय ने छत्तीसगढ़ के पूर्व आबकारी अधिकारी को दी जमानत, तत्काल रिहाई पर रोक

**प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रायपुर पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा द्वारा भारतीय दंड संहिता और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की कई धाराओं के तहत दर्ज एक मामले के आधार पर अपनी जांच शुरू की थी।**

## शीर्ष अदालत ने निर्देश दिया कि अधिकारी को 10 अप्रैल को रिहा किया जाए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि प्रकरण की जारी जांच प्रभावित न हो।

एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने छत्तीसगढ़ के एक पूर्व आबकारी अधिकारी को राज्य के बहुचर्चित शराब घोटाले से जुड़े धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार के एक मामले में जमानत दे दी। हालांकि, शीर्ष अदालत ने निर्देश दिया कि अधिकारी को 10 अप्रैल को रिहा किया जाए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि प्रकरण की जारी जांच प्रभावित न हो। न्यायमूर्ति अभय ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा कि आरोपी अरुण पति त्रिपाठी लगभग 11 महीने से हिरासत में है और निकट भविष्य में मुकदमा शुरू होने की कोई संभावना नहीं है। पीठ ने कहा, संबंधित आदेश में



हमारे द्वारा की गई टिप्पणियों पर विचार करते हुए, अपीलकर्ता को जमानत पर रिहा होने का अधिकार है। हालांकि, यह सुनिश्चित करने के लिए कि जांच किसी भी तरह से प्रभावित न हो, हम निर्देश देते हैं कि अपीलकर्ता को संबंधित सत्र न्यायालय द्वारा तय उचित नियमों और शर्तों के अधीन 10 अप्रैल, 2025 को जमानत पर रिहा किया जाएगा। शीर्ष अदालत ने त्रिपाठी को निर्देश दिया कि वह अपना पासपोर्ट जांच अधिकारी के पास जमा कराएं और प्रतिदिन सुबह 10 बजे उसके समक्ष उपस्थित हों। पीठ ने कहा, जब तक आरोपपत्र दाखिल नहीं हो जाता, वह जांच अधिकारी के साथ सहयोग करना जारी रखेंगे। इसने कहा, जमानत देने का आदेश पारित करने के लिए अपीलकर्ता को 10 अप्रैल, 2025 को उपयुक्त सत्र अदालत के समक्ष पेश किया जाएगा। सत्र अदालत अपीलकर्ता को उपरोक्त नियमों और शर्तों सहित उचित नियमों एवं शर्तों पर जमानत देगी। भारतीय दूरसंचार सेवा के अधिकारी त्रिपाठी ने छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती दी थी जिसमें राज्य में शराब घोटाले के सिलसिले में उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया गया था। कथित घोटाले के समय छत्तीसगढ़ राज्य विपणन निगम लिमिटेड के विशेष सचिव और प्रबंध निदेशक के रूप में त्रिपाठी प्रतिनियुक्ति पर काम कर रहे थे और ईडी की जांच के बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया था।

## संक्षेप

### एसपी ने 12 थानों में किए तबादले

**साइबर थाना समेत कई अहम विभागों में बदले प्रभारी**

बांदा, पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने जिले में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है। इस फेरबदल में 12 पुलिस अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। अपराध शाखा से संदीप तिवारी को चिल्ला का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। कॉम्बिंग से ओम प्रकाश यादव को अपराध शाखा में भेजा गया है। नरैनी के अपराध निरीक्षक रामकिशोर को साइबर थाने का प्रभारी बनाया गया है। पैलानी थाने से एसएसआई रमेश कुमार को कोतवाली नगर भेजा गया है। कृषि विश्वविद्यालय चौकी प्रभारी देवेंद्र कुमार को बिसंडा थाने की बेलगांव चौकी का प्रभारी बनाया गया है। बिसंडा थाने की सिंहपुर चौकी के प्रभारी वीरेंद्र कुमार त्रिपाठी को पैलानी थाने का एसएसआई बनाया गया है। महिला थाने की थाना अध्यक्ष अनुपमा त्रिपाठी को जसपुरा का थाना अध्यक्ष बनाया गया है। जबकि जसपुरा की थाना अध्यक्ष मोनी निषाद को महिला थाने का नया प्रभार दिया गया है। चिल्ला के थाना अध्यक्ष कृष्ण देव त्रिपाठी को एसओजी का प्रभारी बनाया गया है। गिरवा थाने की विंध्यवासिनी देवी चौकी के प्रभारी शिव वीर सिंह को कृषि विश्वविद्यालय का चौकी प्रभारी नियुक्त किया गया है। मटौंध थाने से प्रमोद कुमार को अतर्रा का थाना अध्यक्ष बनाया गया है। अतर्रा के थाना अध्यक्ष कुलदीप कुमार तिवारी को अपराध शाखा में भेजा गया है।

### जमीनी विवाद में बुजुर्ग की मौत

**अमरोहा में दबंगों ने की फायरिंग, मां-बेटे समेत तीन घायल; दो आरोपी फरार**

अमरोहा, बछरायू थाना क्षेत्र के कुआं खेड़ा गांव में जमीनी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। शनिवार शाम को हुई इस घटना में एक बुजुर्ग की मौत हो गई। साथ ही तीन लोग घायल हो गए। घटना मस्जिद के पास की है। यहां अब्दुल सलाम उर्फ सुखवा का परिवार रहता है। उनके परिवार के सदस्य अनीस ने अपनी जमीन का इकरारनामा मिलक मोतीखेड़ा गांव के अनिल और रितिक को दे दिया था। सुखवा इसी विवादित जमीन पर निर्माण करा रहे थे। इसी दौरान अनिल और रितिक वहां पहुंचे। सुखवा के मुताबिक, आरोपियों ने सीधे फायरिंग शुरू कर दी। उनके मकान में आग लगा दी। विरोध करने पर परिवार के लोगों पर धारदार हथियारों से हमला किया। इस हमले में सुखवा, अख्तरी और नवाब घायल हो गए। घायल अख्तरी ने बताया कि उन्हें कुछ समझ आता, इससे पहले ही हमला हो गया। उनका बेटा बचाने आया तो उसे भी पीट दिया। सभी घायलों को सरकारी अस्पताल ले जाया गया। इलाज के दौरान सुखवा की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ हत्या और बलवा का मुकदमा दर्ज किया है। आरोपी फरार हैं। पुलिस की कई टीमें उनकी तलाश कर रही हैं। घटना के बाद इलाके में तनाव है। मुस्लिम समुदाय में आक्रोश है। गांव में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।

# नकल कराने का आरोपी केंद्र व्यवस्थापक गया जेल

**अब तक 10 से ज्यादा आरोपी पर हो चुकी है कार्रवाई**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज, यूपी बोर्ड परीक्षा में नकल कराने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी है। प्रयागराज के मऊआइमा इलाके में नकल कराने के मामले में वांछित चल रहा वाह्य केंद्र व्यवस्थापक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और उसको जेल भेज दिया। उधर नकल में शामिल लोगों के खिलाफ हो रही कार्रवाई से नकल माफियाओं के पसीने छूटने लगे हैं। बोर्ड और पुलिस प्रशासन की तरफ से अब तक एक दर्जन से अधिक आरोपियों को जेल भेजा जा चुका है। मऊआइमा इलाके के रेवारी छाता स्थित शांति देवी इंटर कॉलेज में चल रही इंटरमीडिएट भौतिक विज्ञान की




परीक्षा में धड़ल्ले से नकल हो रही थी। इसी बीच स्कूल में पहुंचे स्टेटक मजिस्ट्रेट ने चार फर्जी कक्ष निरीक्षक को पकड़ने की कोशिश की तो उन्होंने स्कूल की दो मंजिला बिल्डिंग से छलांग लगा दी। इसमें चारों फर्जी कक्ष निरीक्षक घायल हो गए। चारों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तहरीर पर चारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया। इनमे से दो को जेल भेज दिया गया। जबकि दो घायल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका इलाज चल रहा है। वहीं मामले की जानकारी होते ही प्रधानाचार्य व वाह्य केंद्र व्यवस्थापक मौके से फरार हो गए। उसके बाद से पुलिस उनकी तलाश में जुटी थी, पुलिस ने शनिवार को फरार चल रहे वाह्य केंद्र व्यवस्थापक यशवंत सिंह पुत्री त्रिलोकी सिंह, निवासी घोसड़ा, थान सोरांव को गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया गया है। वहीं मऊआइमा के ही भोलानाथ रामसुख पटेल इंटर कालेज में हाईस्कूल विज्ञान की परीक्षा में फर्जी कक्ष निरीक्षक को नकल कराते हुए पकड़ा गया। उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराते हुए जेल भेज दिया गया।

# दो बाइक की टक्कर में अधिवक्ता की मौत

**मौके पर ही चली गई जान, दो लोग गंभीर रूप से घायल**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज, मेजा में धरावल गांव के पास दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में मेजा बार एसोसिएशन के एक अधिवक्ता की मौत हो गई। हादसे में दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। मृतक की पहचान मदरहा निधि का पूरा गांव निवासी अधिवक्ता अनूप मिश्रा के रूप में हुई है। दुर्घटना दोपहर में गोपीनाथ तिवारी इंटर कॉलेज के पास हुई। अनूप मिश्रा मेजा से अपने घर मदरहा जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही बाइक से उनकी टक्कर हो गई। दूसरी बाइक पर टोंगा कला, थाना खीरी के रहने वाले लवकुश और रामगरीब सवार थे। स्थानीय लोगों के अनुसार, दोनों युवक शराब के नशे में थे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि अधिवक्ता अनूप मिश्रा की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही उपजिलाधिकारी



दशरथ कुमार, सहायक पुलिस आयुक्त रवि कुमार गुप्ता और कोतवाल राजेश उपाध्याय पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। घायलों को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां से उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए एसआरएन अस्पताल प्रयागराज रेफर कर दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही मेजा बार एसोसिएशन के कई अधिवक्ता मौके पर पहुंच गए। मृतक की पत्नी सावित्री देवी और बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## 1857 की क्रांति के 600 शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

- **कादू नाला स्थित शहीद स्मारक पर हुआ हवन, पुष्पांजलि दी गई**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, कादू नाला स्थित शहीद स्मारक पर 1857 की क्रांति में शहीद हुए 600 स्वदेशी सैनिकों की याद में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शांति हवन के साथ वीर शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। समारोह में समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने हिस्सा लिया। वक्ताओं ने 1857 की क्रांति में शहीद हुए वीरों के योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि इन शहीदों का बलिदान आने वाली पीढ़ियों को हमेशा प्रेरणा देता रहेगा। गैजेटियर ऑफ अवध में दर्ज इस ऐतिहासिक घटना को नई पीढ़ी तक पहुंचाने की आवश्यकता पर भी चर्चा हुई। कार्यक्रम में स्थानीय प्रशासन के अधिकारी, समाजसेवी, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजन और शिक्षाविद मौजूद रहे।



उपस्थित जनसमूह ने राष्ट्रभक्ति के नारों के साथ वीर सपूतों को श्रद्धांजलि दी। भाजपा की ओर से पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश मिश्र मटियारी, जिला महामंत्री अतुल सिंह और नेता हिन्देश समेत कई पदाधिकारी कार्यक्रम में शामिल हुए।

## दहेज के लिए विवाहिता को घर से निकाला

**विवाह के 5वें दिन ही मांगा 3 लाख और बाइक, जेवर-कपड़े छीनकर भगाया**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

सुलतानपुर, दहेज की मांग को लेकर एक नवविवाहिता के साथ क्रूरता का मामला सामने आया है। पीड़िता ने पति अता हुसैन और ससुराल वालों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता की शादी 5 नवंबर 2023 को कांशीराम कालोनी अमहट निवासी आफताब हुसैन के साथ हुई थी। उसके परिवार ने शादी में अपनी हैसियत के मुताबिक दहेज दिया था।

इसमें घरेलू सामान, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और जेवरात शामिल थे। लेकिन ससुराल पक्ष इससे संतुष्ट नहीं था। पति, ससुर अनवर हुसैन, जेठानी नेहा और सास समेत परिवार के सभी सदस्य महिला को प्रताड़ित करने लगे। वे 3 लाख रुपए नकद और एक अपाची मोटरसाइकिल की मांग करने




लगे। महिला केवल 5 दिन ही ससुराल में रह पाई। ससुराल वालों ने महिला के सभी जेवरात और कपड़े छीन लिए। उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। उन्होंने धमकी दी कि जब तक पैसे और बाइक नहीं लाएगी, घर में नहीं घुसने देंगे। फिर से ससुराल जाने की कोशिश की। लेकिन उसे घर में प्रवेश नहीं करने दिया गया। महिला थाने में शिकायत करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। अंत में एसपी से शिकायत करने पर एफआईआर दर्ज की गई।

कोतवाल नारद मुनि सिंह ने मामले की पुष्टि की है।

## होली और जुमे की नमाज को लेकर प्रशासन अलर्ट

- **दोपहर 1:30 बजे तक होली का खेल, 2 बजे नमाज; सीसीटीवी से रहेगी निगरानी**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

सुलतानपुर, होली और रमजान के मद्देनजर जयसिंहपुर और गोसाईगंज थाने में पीस कमेटी की बैठक हुई। जयसिंहपुर एसडीएम वैशाली चोपड़ा और क्षेत्राधिकारी रमेश चंद्र ने बैठक की अध्यक्षता की। एसडीएम ने समय सीमा तय की है। दोपहर 1:30 बजे तक होली का खेल होगा। इसके बाद रंग खेलना बंद रहेगा। दोपहर 2 बजे मस्जिदों में जुमे की नमाज होगी। प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। मस्जिदों और संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। क्षेत्राधिकारी ने चेतावनी दी है कि अराजकता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। तहसीलदार मयंक मिश्रा ने कहा कि प्रशासन अराजक तत्वों पर नजर रख रहा है। बैठक में



जयसिंहपुर कोतवाली प्रभारी अनिरुद्ध सिंह और गोसाईगंज थाना अध्यक्ष अखिलेश सिंह समेत अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद थे। सभी समुदायों ने शांतिपूर्ण त्योहार मनाने का आश्वासन दिया है।

# 16 नमूने जांच को भेजे

**साढ़े 4 कुंतल मिलावटी कचरी नष्ट, होली से खाद्य विभाग की कार्रवाई**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, होली त्योहार से पहले खाद्य सुरक्षा विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन आयुक्त और जिलाधिकारी के निर्देश पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। सहायक आयुक्त राजेश द्विवेदी के नेतृत्व में गठित टीम ने वहाबगंज जायस में छापेमारी की। एक किराना दुकान से बेसन का नमूना लिया गया। एक मिठाई की दुकान से खोये का नमूना भी लिया गया। जायस बाजार में टीम की छापेमारी से हड़कंप मच गया। कई दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद कर दीं। टीम ने स्पष्ट किया कि वे सिर्फ रंगीन कचरी बेचने वालों पर कार्रवाई करेंगे। इसके बाद कारोबारियों ने खुद ही रंगीन



कचरी नष्ट करनी शुरू कर दी। उन्होंने भविष्य में रंगीन कचरी न रखने की शपथ भी ली। विभाग की टीम ने तीन दिन में 16 नमूने लिए हैं। ये सभी नमूने जांच के लिए खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला भेजे जा रहे हैं। होली को देखते हुए दूध, खोया, पनीर, रंगीन मिठाइयां और नमकीन पर विशेष नजर रखी जा रही है। जिले के बाहर से आने वाले कारोबारियों पर भी कड़ी निगरानी है। रोडवेज और निजी वाहनों की जांच की जा रही है। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अमित प्रकाश वर्मा के नेतृत्व में टीम में श्रीकिशुन चौहान, रमाशंकर पटेल और युगुल किशोर शामिल हैं।

# हेडमास्टर और टीचर हुए सस्पेंड

**प्राथमिक विद्यालय में दावत करने की हुई थी शिकायत, इरअ ने की कार्रवाई**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अलीगढ़, इगलास थाना क्षेत्र में प्राथमिक विद्यालय में दावत कराने वाले सहायक अध्यापक और इंचार्ज हेडमास्टर को सस्पेंड कर दिया गया है। उन्होंने अपने स्कूल में एक व्यक्ति की मैरिज एनीवर्सरी की दावत करवाई थी। इसमें व्यक्ति ने अपने रिश्तेदारों को दावत दी थी और स्कूल परिसर के अंदर ही डीजे बजाकर कार्यक्रम किया गया था। गांव के लोगों ने इसकी वीडियो बना ली थी और इसकी शिकायत विभाग के अधिकारियों से की गई थी। अधिकारियों ने टीचर और हेडमास्टर को कॉल किए थे, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया था। जिसके बाद अधिकारियों ने मामले की जांच की थी और प्रथम दृष्टया दोषी पाए



जाने पर तत्काल सहायक अध्यापक को सस्पेंड कर दिया गया है। इगलास के प्राथमिक विद्यालय नंबर एक में 8 मार्च को गांव में ही रहने वाले एक व्यक्ति ने अपने निजी कार्यक्रम का आयोजन किया था। लोगों ने इसकी वीडियो बनाकर अधिकारियों को शिकायत की थी। शिकायत मिलने पर बीएसए ने मौके पर विभाग के एक कर्मचारी को भेजा था। मौके पर जाने पर वहां दावत होती मिली थी। जिसके बाद अधिकारियों ने तत्काल पुलिस की मदद से दावत को बंद करा दिया था। इसके साथ ही हेडमास्टर और सहायक अध्यापक से पूछताछ की थी। जिस पर उन्होंने बताया था कि स्कूल की चाभी पड़ोस में रहने वाले व्यक्ति के पास ही रहती है। उसने ताला नहीं तोड़ा है। बीएसए ने इंचार्ज हेडमास्टर को निर्देश दिए थे कि तत्काल आरोपी के खिलाफ थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया जाए। लेकिन इंचार्ज हेडमास्टर नीरज कुमारी और सहायक अध्यापक एदल सिंह ने कोई कार्रवाई नहीं की। जिसके बाद बीएसए ने दोनों को निलंबित कर दिया है। बीएसए डॉ. राकेश सिंह ने बताया कि टीचर्स की मिली भगत से ही स्कूल में निजी कार्यक्रम का आयोजन हुआ था। दोनों को सस्पेंड कर दिया गया है। मामले की विस्तृत जांच कराई जा रही है। जिसके बाद उच्च अधिकारियों को इसकी आख्या भेजी जाएगी।

## भाजपा जिलाध्यक्ष पद के लिए 59 आवेदन

**होली से पहले नए अध्यक्ष की घोषणा, वर्तमान और पूर्व अध्यक्ष समेत कई दावेदार**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

हापुड़, भाजपा जिलाध्यक्ष पद के लिए रविवार को नामांकन प्रक्रिया का आगाज हुआ। इस दौरान रिकॉर्ड 59 कार्यकताओं ने अपने आवेदन जमा किए। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष और जिला चुनाव प्रभारी दिनेश शर्मा तथा जिला चुनाव पर्यवेक्षक मनीष कपूर जिला कार्यालय पहुंचे। वर्तमान जिला अध्यक्ष नरेश तोमर ने पटका पहनाकर उनका स्वागत किया। चुनाव प्रभारी दिनेश शर्मा ने कहा कि कार्यकताओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। उन्होंने बताया कि होली से पहले नए जिला अध्यक्ष की घोषणा संभव है। शर्मा ने स्पष्ट किया कि भाजपा में सभी कार्यकताओं को नामांकन भरने का अधिकार है। प्रमुख दावेदारों में वर्तमान जिला अध्यक्ष नरेश तोमर और




पूर्व जिला अध्यक्ष उमेश राणा हैं। साथ ही पूर्व चेयरमैन प्रफुल्ल सारस्वत, पूर्व महामंत्री प्रमोद जिंदल और महामंत्री पुनीत गोयल ने भी दावेदारी की है। वरिष्ठ नेता मनोज वाल्मीकि, गौरव रुड़कीवाल और मीडिया प्रभारी सुयश वशिष्ठ भी इस रेस में शामिल हैं। महिला दावेदारों में महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष डॉ. पायल गुप्ता, नीलम सिंह, पिंकी त्यागी, कविता माधरे और सीमा जौहर प्रमुख हैं। कुल एक दर्जन से अधिक महिला कार्यकताओं ने भी अपना नामांकन दाखिल किया है।

## व्यापारिक प्रतिस्पर्धा में दुकान से सामान चोरी

**अमेठी में दो युवकों ने प्रतिद्वंद्वी की वेल्डिंग दुकान से मशीनें चुराई, गिरफ्तार**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, पुलिस ने व्यापारिक प्रतिस्पर्धा के चलते की गई चोरी का खुलासा किया है। जामो थाना पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी की बिल्डिंग मशीन, कटर मशीन और इलेक्ट्रॉनिक तराजू बरामद किया है। जामो थाने के उप-निरीक्षक संजीव कुमार ने 9 मार्च को सुबह 4:40 बजे मुखबिर की सूचना पर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपी मंजीत (20 वर्ष) नन्दमहर का रहने वाला है। दूसरा आरोपी अमृत लाल (20 वर्ष) ग्राम पूरे सुबेदार का निवासी है। पूछताछ में मंजीत ने बताया कि नन्दमहर भादर रोड पर उसकी बिल्डिंग की दुकान है। उसी के सामने रंजीत ने नई दुकान खोल ली थी। मंजीत ने रंजीत को मना किया था, लेकिन वह नहीं माना। इससे मंजीत की दुकानदारी प्रभावित हुई। मंजीत ने अपने दोस्त अमृत लाल के साथ मिलकर 6 मार्च की रात को रंजीत की दुकान से सामान चुरा लिया। चोरी का सामान उन्होंने पास में ही छिपा दिया था। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर यह सामान बरामद कर लिया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 331(4), 305, 317(2) के तहत मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## कान्हा ने भेजा काशी-विश्वनाथ के लिए गुलाल

**पूजा-अर्चना के बाद रवाना हुई गुलाल यात्रा, अभिभूत हो उठे ब्रजवासी और श्रद्धालु**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मथुरा, श्री कृष्ण जन्मस्थान से काशी विश्वनाथ धाम के लिए होली के रंग, गुलाल, बाबा के वस्त्र, प्रसाद आदि सामग्री फाल्गुन शुक्ल नवमी को एक भव्य शोभायात्रा के मध्य रवाना की। वहीं काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास द्वारा काशी विश्वनाथ धाम से भी भगवान श्रीकृष्ण की होली उत्सव के लिए कर्पूर भस्म, सुगन्धित द्रव्य, वस्त्र एवं प्रसाद आदि सामग्री, श्री महादेव जी के भाव को धारण करते हुए भगवान श्रीकृष्ण की रंगारंग होली उत्सव के लिए भेजी गयी है। काशी विश्वनाथ न्यास के मुख्य कार्यपालक



अधिकारी विश्व भूषण मिश्रा की अलौकिक पहल से श्रुतियों, स्मृतियों एवं पुराणों में उल्लिखित सनातन की पुरातन परंपरा का पुनर्जागरण हुआ है। होली की परंपरागत वाद्य यंत्रों पर झूमते, नाचते एवं होली गायन करते हजारों श्रद्धालु एवं ब्रजवासी काशी विश्वनाथ की गुलाल यात्रा' में सम्मिलित होकर अभिभूत हुए। श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा-संस्थान के सचिव कपिल शर्मा, प्रबंध समिति के सदस्य गोपेश्वर नाथ चतुर्वेदी एवं अन्य पदाधिकारी, अधिकारी श्री कृष्ण जन्मभूमि से काशी विश्वनाथ जा रही ऐसी अनूठी पहल को लेकर उत्साह व भाव से लगे हुए थे। शोभायात्रा भव्य सुसज्जित वाहन में काशी विश्वनाथ धाम के लिए रवाना हुई। संस्थान के पूजाचार्य राम अवतार अवस्थी, शशांक गर्ग, ब्रजकिशोर अग्रवाल, पवन अग्रवाल एवं गोपाल भगवान के रंग, गुलाल एवं प्रसाद को लेकर गये हैं। काशी विश्वनाथ धाम से शोभायात्रा के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण के लिए होली महोत्सव के लिए भेंट आ रही है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, अरविन्द कुमार शर्मा द्वारा एफ.एल.टी.-एल.जी.-75, आर.एम. 4/4, इंदिरा नगर, सुंदर बाग, आर.डी. कुर्ला (प.) मुम्बई, 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं एस.आर. पब्लीकेशन, मोहन अर्जून कम्पाउंड गोदाम नं. 8,9,10 नीयर घाटन पाड़ा, वैशाली नगर, लास्ट बस स्टाप, दहिसर (पूर्व), मुम्बई 400068 महाराष्ट्र से मुद्रित।। सम्पादक- खुशीराम शर्मा ।।
EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 02248253669,8097049935,9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173 संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001 भारत संवाद सिटी ऑफिस- फ्लैट नंबर 24, सेकंड फ्लोर, कांटेक्टर बिल्डिंग, ब्लार्ड स्टेट, वजूकोटक मार्ग, शहीद भगत सिंह रोड, फोर्ट, मुंबई 400001 महाराष्ट्र।